हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 32.6 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री



11 संजय नगर सुपेला मैदान की नीलामी के विरोध में उतरा निर्दलीय पार्षद दल



12 60 वार्डों में गड्ढों वाली सड़कों से मिलेगी मुक्ति नालियों का भी होगा निर्माण, 16 करोड़ की मंजूरी



## खबर संक्षेप



### गांजा बेचने के आरोप में युवती सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा बेचने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना मिली थी कि खुर्सीपार थाना अंतर्गत आईटीआई ग्राउंड के पास कुछ लोग गांजा बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। उन्होंने वहां घेराबंदी करवाई और बुद्ध विहार कैंप 1 छावनी निवासी अमन सेंडे, प्रशांत कुमार उर्फ शांतु राजपूत, कैंप 1 वैशाली नगर एन. पूजा को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि उनके पास 7 किलोग्राम गांजा, स्कूटी, मोबाइल है। जिसे पुलिस ने जब्त किया है। उक्त सामनों की कीमत 3. 75 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शराब बेचने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई।** अवैध रूप से शराब बेचने वाले को जेवरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम जेवरा शीतला तालाब रोड, आशीष ढाबा के पास अवैध देशी शराब बेचने की जानकारी मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंचकर वार्ड 9, ग्राम जेवरा सिरसा निवासी आशीष साहू को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने सफेद प्लास्टिक बोरी में 32 पौवा देशी प्लेन शराब 180 एमएल जब्त किया। आरोपी के पास शराब से जुड़े कोई भी दस्तावेज उसके पास नहीं मिला।

### धारदार हथियार दिखाकर डराने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** राहगीरों को हथियार लेकर धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पोटिया रोड स्थित देशी शराब दुकान के पास धारदार हथियार लेकर राहगीरों को धमकाने वाला दुर्ग निवासी राहुल जांगड़े को पकड़ा गया। उसके पास से एक स्टील का बटनदार धारदार हथियार जब्त किया गया।

### जुआ खेलते हुए 6 लोग पुलिस की पकड़ में

**भिलाई।** जुआ खेलते पुलिस ने 6 जुआरियों को पकड़ा है। सुपेला पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कोसानगर गौशाला के पीछे रेलवे पटरी के पास जुआ खेला जा रहा था। दबिश देकर पुलिस ने लक्ष्मी नगर मछली मार्केट सुपेला निवासी कौशल पटेल, इंद्रा नगर रवि चौहान, संदीप सोनकर, अखिलेश चौहान, नागेश्वर यागव, फरीद नगर मो. अकीब को पकड़ा गया। जुआरियों के पास से पुलिस ने 4 हजार 590 नगद और ताश पत्ती जब्त किया है।

# गर्मी की आहट, जिले का अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री और रात का 14 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

ठंड जाने को है और गर्मी आने को है। इसका असर भिलाई-दुर्ग में नजर आने लगा है। दिन का तापमान जहां बढ़ रहा है, वहीं रात के समय अब भी गुलाबी ठंड बरकरार है। मौसम विभाग के मुताबिक होली तक मौसम ऐसा ही रहेगा। इसके बाद दिन और रात के तापमान में तेजी से बढ़ोत्तरी आएगी। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री और रात का तापमान 14 डिग्री के करीब रिकॉर्ड किया गया। पिछले कुछ दिनों से दुर्ग जिले का मौसम फिलहाल ड्राई बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। हालांकि इसके बाद के कुछ दिनों में तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं जताई गई है।

## दिन में गर्मी और रात में ठंड, होली तक ऐसा ही रहेगा मौसम



### 7 दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव

भिलाई-दुर्ग में पिछले 7 दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। कुछ दिन पहले एकदम से गर्मी महसूस की गई। इसके बाद पिछले तीन दिनों से रात में सामान्य से ज्यादा ठंड महसूस की जा रही है। सोमवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री के करीब रिकॉर्ड किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 10 से 12 डिग्री सेल्सियस पर ठहरा हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक भिलाई-दुर्ग समेत प्रदेश में कोई सक्रिय सिस्टम नहीं है, जिसके चलते बारिश या तेज बदलाव के संकेत नहीं मिल रहे हैं।



### फरवरी में भी ठंड का अहसास

मौसम विभाग के मुताबिक इस बार फरवरी माह में भी ठंड महसूस की जा रही है। विशेष रूप से पहाड़ी इलाकों में समान्य से 4 से 5 डिग्री तक नीचे तापमान रिकॉर्ड किया गया है। जनवरी की तरह फरवरी महीने में भी आसमान आमतौर पर साफ बना रहता है और सतही हवाएं हल्की रहती हैं। हालांकि उत्तर भारत से गुजरने वाले पश्चिमी विक्षोभों के असर से कभी-कभार मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान बादल छाने के साथ गरज-चमक और बारिश की स्थिति बनती है। कुछ मौकों पर आंधी, ओलावृष्टि और तेज हवाएं भी चलती हैं। सर्दियों का असर कम होते ही न्यूनतम तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगता है। इस बार ऐसा देखने को नहीं मिला है।

## कलेक्टर अभिजीत सिंह पहुंचे सेलूद संग्रहण केंद्र, अधिकारियों से ली जानकारी

# जिले में धान खरीदी पूरी, लेकिन संग्रहण केंद्रों में रखने गहराया भूसे का संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

## सेलूद के 200 से ज्यादा हमालों ने कलेक्टर से की शिकायत

जिले में इस बार रिकॉर्ड 5.59 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है, लेकिन धान के उठाव को लेकर दिक्कत बरकरार है। न नागरिक आपूर्ति निगम में कस्टम मिलिंग का चावल पहुंच पा रहा है, न ही भारतीय खाद्य निगम में। मिलर्स उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव तो कर रहे हैं, लेकिन मिलिंग नहीं हो रही। अधिकांश जगहों पर उठाए गए धान का स्टॉक किए जाने की शिकायतें सामने आ रही है। पिछले दिनों इसे लेकर प्रशासन ने कार्रवाई भी की।

मिलर्स के मिल में छापा भी मारा गया, बावजूद इसकी समस्या अब भी बनी हुई है। इधर जितने धान की खरीदी हुई है, उस धान को संग्रहण केंद्रों तक पहुंचाने में प्रशासन के पसीने छूट रहे हैं। इस बार सिर्फ जेवरा-सिरसा और सेलूद में ही संग्रहण केंद्र बनाया गया है। पिछली बार मिट्टी मिलने की शिकायत सामने आने के बाद कोड़िया संग्रहण केंद्र को बंद कर दिया गया है। वर्तमान में दुर्ग जिले का धान बेमेतरा जिले के सलदा संग्रहण केंद्र पहुंचाया जा रहा है। जहां भी भूसे की समस्या खड़ी हो गई है। हर केंद्र में औसतन दो से तीन फड़ तैयार किए जाने हैं, लेकिन भूसे की किल्लत की वजह से फड़ तैयार ही नहीं हो पा रहा है। सेलूद संग्रहण केंद्र में हमालों ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने मार्कफेड पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनके मुताबिक पुरानी सड़ी भूसी का इस्तेमाल किए जाने का दबाव बनाया जा रहा है, जिसकी वजह से फड़ तैयार नहीं हो पा रहा है। अब तक चार ट्रिप भूसा भेजा गया है। बाकी पुराने भूसे से काम चलाने कहा जा रहा है। यहां तक कोड़िया केंद्र से पुराना भूसा सेलूद और जेवरा भेजा जा रहा है।



### 102 केंद्रों में 1.06 लाख किसानों ने बेचा अपना धान

इस बार धान खरीदी 102 केंद्रों में की गई, जिसमें 1,06,830 किसानों ने धान बेचा। वर्तमान में अधिकांश धान उपार्जन केंद्रों में डंप है। मिलर्स धान के उठाव को लेकर रुचि नहीं ले रहे हैं। उपार्जन केंद्रों से अब तक मिलर्स को 2.89 लाख मीट्रिक टन धान जारी किया जा चुका है। करीब 90 मिलर्स को यह धान जारी किया गया है। वर्तमान में उपार्जन केंद्रों में अब भी 2.46 लाख मीट्रिक टन धान डंप है। इस धान को ही संग्रहण केंद्रों तक पहुंचाने की कवायद की जा रही है। वहीं मिलर्स को धान जारी करने के लिए डीओ भी जारी किए जा रहे हैं, लेकिन मिलर्स धान के उठाव को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक उनके पास धान रखने की जगह की दिक्कत है। इसे बड़ा कारण बताया जा रहा है।

### 17 दिन बाद किसानों के खातों में आया पैसा

जानकारी के मुताबिक शासन ने पिछले दिनों धान खरीदी के दौरान फंड रिलीज करना रोक दिया था। इस वजह से करीब 20 हजार किसानों को धान बेचने की राशि नहीं मिल पाई थी। 17 दिन बाद राशि जारी की गई। वर्तमान में 28, 29, 30 जनवरी और फरवरी माह के शुरुआती दिनों जिन किसानों ने धान बेचा, उन्हें अब तक पैसा नहीं मिल पाया है। इस बार प्रति क्विंटल के हिसाब से 2369 रुपए जारी किया गया है। वहीं बोनस राशि 731 रुपए होली के पहले जारी किया जाना है। इधर किसानों के खातों में पैसा तो आ गया है, लेकिन खाते से 10 हजार रुपए से ज्यादा नहीं निकल पाने के कारण उनकी चिंता बरकरार है।

### हमालों ने डीएमओ के खिलाफ मोर्चा खोला

सेलूद संग्रहण केंद्र में 200 से ज्यादा हमालों ने भूसे की किल्लत को लेकर मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने इसकी शिकायत कलेक्टर अभिजीत सिंह से की। इसके बाद बुधवार को कलेक्टर अभिजीत सिंह संग्रहण केंद्र भी पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से मामले को लेकर जानकारी भी ली। आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इधर हमाल और सेलूद ग्राम पंचायत के उप सरपंच शैलेंद्र साहू, हमाल मुकरदम संतराम साहू ने बताया कि वे पिछले 20 वर्षों से काम कर रहे हैं। पहली बार इस प्रकार की किल्लत देखने को मिल रही है। भूसा नहीं होने से स्टेक नहीं बन पा रहा है। गाड़ियां खाली नहीं हो पा रही हैं। हर दिन औसतन 100 गाड़ियां पहुंच रही हैं। पहले इतनी ही गाड़ियां खाली होती थी, लेकिन अभी फड़ नहीं बन पाने के कारण 30 से 35 गाड़ियां खाली हो पा रही है। जेवरा-सिरसा में भी कमोबेश ऐसे ही हालात हैं।

### खाते से निकल रहा सिर्फ 10 हजार

जिन किसानों के खाते में धान का पैसा आ गया है, उन्हें दूसरी समस्या से जूझना पड़ रहा है। खाते से सिर्फ 10 हजार रुपए एक बार में निकल रहा है। लगातार इसे लेकर शिकायत की जा रही है। जिला सहकारी बैंक के अधिकारियों से इस बारे में बात की गई है।

विनायक ताम्रकार, अध्यक्ष बीजेपी किसान मोर्चा दुर्ग

# मकान में लगी आग, 60 हजार रुपए कैश व सामान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

पूजा कमरे में अचानक आग लगने से मकान में रखा गया सारा सामान जलकर खाक हो गया। घटना गंजपारा स्थित उत्कल नगर का है।

- कोतवाली थाना अंतर्गत उत्कल नगर गंजपारा की घटना

मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को मकान में भीषण आग लग गई, जिससे मकान में रखा नकदी और सामान पूरी तरह जल गया।

मकान के आग में नगदी 60 हजार रुपए भी जल गए। आग लगने की खबर लगते ही मोहल्ले व परिजनों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन आग इतना तेजी से आगे बढ़ रहा था। दमकल की टीम को बुलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया । घर में रखे करीब 10 लाख रुपए का सामान जला है।



मकान के भीतर चार गैस सिलेंडर पड़ा था। बस्ती के लोगों की सुझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। सिलेंडर को तुरंत मकान के बहार कर दिया गया। अन्यथा बड़ा विस्फोट होने से कोई नहीं रोक सकता था। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है। दुर्ग कोतवाली पुलिस आग लगने की घटना को लेकर जांच कर रही है। जांच होने के बाद ही आग का कारण पता चल पाएगा।

# पटना और चर्लपल्ली के मध्य सात फेरे में चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने होली स्पेशल ट्रेन की सुविधा यात्रियों को दिया है। इस साल 1,410 से अधिक होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने की रेलवे की योजना है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से भी 15 होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा।

रेलवे द्वारा होली के अवसर पर मार्ग पटना-चर्लपल्ली मार्ग की ट्रेनों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए सात होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। जो पटना -चर्लपल्ली के मध्य चलाई जाएगी। ट्रेन सोमवार और बुधवार को पटना से 03253 9 से 30 मार्च, हर बुधवार को चर्लपल्ली से 03254 के साथ 11 मार्च से 1 अप्रैल, चलेगी। शुक्रवार को चर्लपल्ली से 03255 के साथ 13 से 27 मार्च तक चलेगी। होली स्पेशल ट्रेन में 1 एसएलआर, 2 सामान्य, 4 स्लीपर, 7 एसी थ्री, 7 एसी थ्री ईकोनोमी श्रेणी समेत कुल 22 कोच होगा। यह ट्रेन पूरी तरह आरक्षित है और केवल कंफर्म टिकट यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति होगी।

## 30 सितंबर तक होगा बच्चों का आधार अपडेट

**दुर्ग।** केंद्र सरकार ने सभी बच्चों के आधार कार्ड के लिए अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट पर जोर दिया है। 5 वर्ष की आयु में पहला और 15 वर्ष की आयु में दूसरा अपडेट करना अनिवार्य है। बच्चों के बायोमीट्रिक डेटा में फिंगरप्रिंट, आइरिस स्कैन और फोटो शामिल हैं।

ईडीएम ने बताया कि इस अपडेट की प्रक्रिया 5 से 17 वर्ष के बच्चों के लिए 30 सितंबर 2026 तक निःशुल्क रहेगी। अभिभावकों से आग्रह है कि वे समय पर यह अपडेट कराएं, ताकि उनके बच्चों का आधार कार्ड सक्रिय और अपडेटेड रहे। न करने पर बच्चों को स्कूल, परीक्षा और कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंच में बाधा आ सकती है। अपडेट करवाने के लिए बच्चे अपने निकटतम आधार नामांकन केंद्र, स्कूलों में आयोजित शिविर या बैंक और पोस्ट ऑफिस आधार सेवा केंद्रों का उपयोग कर सकते हैं। आधार अपडेट से बच्चों को मध्याहन भोजन, छात्रवृत्ति और प्रतियोगी परीक्षाओं जैसी सुविधाओं तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित होती है।

## शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वाले 4 गिरफ्तार, गए सलाखों के पीछे

**भिलाई।** फर्जी पुलिस अफसर बनकर फोन कर सरकारी काम में बाधा पैदा करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अंजोरा पुलिस ने बताया कि सोहम सिटी महमरा निवासी अजय बहादुर ने अपनी उधारी रकम मांगने के विवाद को लेकर छतर सिंह उर्फ राजू देशलहरे ने अपने मोबाइल से चौकी अंजोरा का डीपी लगाकर उसे कॉल किया। चारों युवकों में ग्राम सकरा थाना सोमनी जिला राजनांदगांव निवासी खिलेश्वर रजक, टोमन निषाद, चेतन राम साहू, ग्राम तनोट अंजोरा छतर सिंह उर्फ राजू देशलहरे को पकड़ा गया। छतर पीड़ित को अंजोरा पुलिस चौकी का अफसर बनकर पीड़ित को कॉल किया था। संदेह होने पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत किया। छतर ने पूछताछ में अन्य तीन युवकों का नाम बता दिया।

## साथी बाजार के भूमिपूजन में शामिल होंगे मंत्री रामविचार नेताम



**दुर्ग।** दुर्ग-भिलाई क्षेत्र के मध्य स्थित रुआबांधा में लगभग 5 एकड़ क्षेत्र में साथी बाजार परियोजना की स्थापना की जा रही है। यह छत्तीसगढ़ राज्य में केंद्र सरकार की साथी परियोजना के अंतर्गत स्थापित होने वाला पहला साथी बाजार होगा। इस महत्वपूर्ण परियोजना का भूमिपूजन 20 फरवरी को आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, मछली पालन, पशुधन विकास मंत्री राम विचार नेताम करेंगे। राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम रायपुर द्वारा 'इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर जमीन उपलब्ध कराई गई है। इस जगह पर आधुनिक बाजार का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना, महिला स्वयं सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाना तथा केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को एकीकृत कर आमजन को अधिकतम लाभ प्रदान करना है। साथी बाजार में लगभग 154 प्रकार के उत्पादों' की बिक्री की व्यवस्था होगी, जिसमें दैनिक उपयोग की सभी आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध रहेंगी। इसके साथ ही कई कृषि उत्पादों की 'प्रोसेसिंग सुविधाएं' भी बाजार परिसर में विकसित की जाएंगी। कोल्ड स्टोरेज सेंटर, भंडारण व्यवस्था तथा विपणन के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## दुर्ग ट्रैफिक पुलिस ने कसा शिकंजा, चौक-चौराहों पर बढ़ाए चेकिंग प्वाइंट

# ट्रैफिक नियम का उल्लंघन किया तो पहुंचेगा ई-चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जिले में ट्रैफिक नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। वर्ष 2026 में सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, शराब सेवन कर वाहन चलाना और ट्रैफिक नियम उल्लंघन करने वालों पर ट्रैफिक पुलिस ने शिकंजा कसने का प्रयास किया है। माह जनवरी 2026 में 3734 और फरवरी में 5254 प्रकरणों में चालानी कार्रवाई की गई है। दो माह में कुल 8988 प्रकरणों में नियम उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। वहीं माह जनवरी 2025 में 1586 और माह फरवरी 1106 प्रकरणों में ही कार्रवाई हो पाई थी। हादसे में मौत का आंकड़ा वर्ष 2026 में जनवरी माह में 35 और फरवरी में 15 मौत हुई है। जबकि 2025 में जनवरी में 47 और फरवरी में 30 मौत हुए थे। हादसों में मौत की संख्या 77 से घटकर 50 होना पाया गया।

- दो महीनों में 8988 प्रकरणों में की गई कार्रवाई



**ट्रैफिक नियमों का करें पालन, नहीं तो होगी कार्रवाई**

यातायात पुलिस ने नियमों के पालन को लेकर 2026 में अभियान चला रखा है। सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, शराब सेवन कर वाहन चलाना एवं अन्य यातायात नियम उल्लंघनों के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान अवेयरनेस कैम्प, रात्रि चेकिंग की कार्रवाई की जा रही है। ब्रेथ एनलाइजर से नशे की हालत में वाहन चलाने वालों की जांच की जा रही है।

### यातायात पुलिस ने की अपील, करें ट्रैफिक नियमों का पालन

दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा हेतु द्वोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाएं, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं तथा यातायात नियमों का पूर्ण पालन करें। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर मोटरयान अधिनियम के तहत सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस ने ई-चालान काटना शुरू किया है, जो सीधे आपके घर पहुंचेगा।




छत्तीसगढ़ के हर वर्ग की आवाज, युवाओं के नेतृत्वकर्ता
कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव एवं भिलाई विधायक
श्री देवेन्द्र यादव जी
को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लक्ष्मीपति राजू
पार्षद एवं एम. आई. सी. सदस्य न. पा. नि. भिलाई
मनोज कुमार पांडेय
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
एकांश बंछोर
पार्षद एवं एम. आई. सी. सदस्य न. पा. नि. भिलाई
आदित्य सिंह
पार्षद एवं एम. आई. सी. सदस्य न. पा. नि. भिलाई
सुमित पवार
अभिषेक मिश्रा
पार्षद, न. पा. नि. भिलाई
दीपांशु वर्मा
सचिव. जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई
आशीष शुक्ला
युवा कांग्रेस नेता
अभय प्रताप सिंह
युवा कांग्रेस नेता
शरद मिश्रा
युवा कांग्रेस नेता
गौरव जैन
युवा कांग्रेस नेता
विनीत: समस्त कांग्रेसजन, भिलाई, छत्तीसगढ़

## खबर संक्षेप



### मंडई मेला महोत्सव व कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

**पाटन।** ग्राम पंचायत पतोरा में आयोजित भव्य मंडई मेला महोत्सव एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा कि "कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और शारीरिक सशक्तता का विकास करते हैं, वहीं मंडई मेला हमारी लोक-संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक है। इस अवसर पर जनपद पंचायत पाटन के सभापति खेमलाल देशलहरे, जनपद सदस्य चंद्रिका चित्रसेन सिंह कलिहारी, सरपंच भुनेश्वर साहू, दिव्या कलिहारी, देवचरण कौशल और राजेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

## निधन

### हेमवती साहू



**जामुल।** ग्राम जेवरा- सिरसा नहर किनारे वार्ड-19 निवासी हेमवती साहू (78) पति स्वर्गीय राम भरोसा साहू का निधन बुधवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार जेवरा के स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। वे कमलेश साहू की मां एवं पवन साहू की भाभी थीं।

### संदीप दत्ता



**भिलाई।** हुडको निवासी संदीप दत्ता शंपू (54 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 फरवरी को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे पाखी के पिता और सिद्धार्थ दत्ता के छोटे भाई थे। उनके निधन पर हुडको कालीबाड़ी मंदिर समिति और बंगाली समाज ने श्रद्धांजिल व्यक्त की है।

उग्र आंदोलन की चेतावनी : विरोध में भाजपा पार्षद और सांसद प्रतिनिधि ने भी दिया समर्थन

# संजय नगर सुपेला मैदान की नीलामी के विरोध में उतरा निर्दलीय पार्षद दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई नगर निगम के महापौर नीरज पाल और आयुक्त राजीव पाण्डेय ने हाल में कई खाली जगह की नालामी करके उसे बेचने का प्रस्ताव पास किया है। इस प्रस्ताव के विरोध में निगम का निर्दलीय पार्षद दल खड़ा हो गया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि यह नीलामी नहीं रोकी गई तो वो लोग इसके विरोध में उग्र आंदोलन करेंगे। इस नीलामी के विरोध में निर्दलीय पार्षद दल ने संजय नगर मैदान बचाव संघर्ष समिति के बैनर तले एक बड़ी बैठक बुलाई। बैठक में निर्दलीय पार्षद हरिओम तिवारी, पार्षद रविशंकर कुर्रे , पार्षद रानू राजू साहू , पार्षद राजा बंजारे सहित पांच पार्षद पहुंचे। उन्होंने विरोध का समर्थन किया और कहा कि वो इसके खिलाफ होने वाले उग्र आंदोलन में पूरी ताकत से शामिल होंगे और महापौर व आयुक्त की मनमर्जी नहीं चलने देंगे। पार्षद हरिओम तिवारी ने बताया कि बैठक में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंग और भिलाई निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने अपना समर्थन दिया है। पार्षद दल ने सभी राजनीतिक पार्टियों के बड़े जन प्रतिनिधियों से मंच के माध्यम से आव्हान किया गया कि यदि उनकी ये लड़ाई सही और जन हितैषी है तो वो लोग अपना खुला समर्थन दें। यदि ऐसा नहीं होता तो वो लोग उनको भी इस साजिश का हिस्सा समझेंगे। सभा में सैकड़ों की तादाद में आस पास के वार्डों के नागरिक शामिल थे। वार्डवासियों ने भी आंदोलन में बढ़ चढ़कर भाग लेने की बात कही।

### भिलाई निगम आयुक्त और महापौर ने लिया है निर्णय





### नेता प्रतिपक्ष ने लगाई रोक की मांग

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा वार्ड 6, संजय नगर स्थित बच्चों के खेल मैदान की प्रस्तावित नीलामी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने इस मामले में छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि संजय नगर का यह मैदान क्षेत्र के बच्चों के लिए प्रमुख और लगभग एकमात्र खेल स्थल है। निगम द्वारा इसे लगभग 200 करोड़ रुपये में विक्रय या नीलामी के लिए प्रस्तावित किए जाने की जानकारी सामने आई है। उन्होंने बाल संरक्षण आयोग से मामले का संज्ञान लेकर प्रस्तावित नीलामी प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने और संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है।

## अंचल की खबरें

### सियारामचंद्र कण-कण में बसे हैं : नोमिन



**पाटन।** दो दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि नोमिन ठाकुर सदस्य जिला पंचायत दुर्ग ने किया। अध्यक्षता अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग ने की। विशेष अतिथि दिनेश साहू सदस्य जप,गरीब दास साहू,रेखराम साहू सरपंच,गिरवर साहू उपसरपंच,सनत साहू सचिव,नकुल राम निषाद,डा उमेश वर्मा ने हनुमान,सियाराम चंद्र जी की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख,समृद्धि,खुशहाली,शांति की मंगलकामना की। मुख्य अतिथि जिप सदस्य नोमिन ठाकुर ने कहा कि सियावर रामचंद्र हमारे आराध्य एवं कण कण में बसे हुए हैं। इस अवसर पर शत्रुघन साहू, ललित साहू, जनक वर्मा, भजन साहू, सुशील वर्मा, टेक साहू, नीलकंठ साहू, प्रहलाद वर्मा, यशवंत साहू, खेमेंद्र साहू, डॉ. आरआर सिन्हा, शोभा यादव, श्रवण यादव, दिनेश वर्मा और मनोज धीवर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### चिंगरी में दो दिवसीय भव्य मानसगान संपन्न



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी में दो दिवसीय भव्य मानसगान सम्मेलन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन में विभिन्न मंडलियों ने मानसगान की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी। समापन समारोह में भरथरी गायिका हेमलता साहू का सम्मान किया गया। आयोजन में चिंगरी, अछोटी, भरदा, कोनारी क्षेत्र की जनपद सदस्य बेला यादव भी उपस्थित रहीं। आयोजन को सफल बनाने में विश्वरूप नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासी चिंगरी, जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में गांव के पाँचवी, और आठवीं कक्षा में प्रथम द्वितीय आने वाले बच्चों का प्रशस्वी पत्र देकर सम्मान किया गया।

## बिजनेस साइट

### गंडई में बैंक ऑफ बड़ौदा की नई शाखा खुली



**भिलाई।** बैंक ऑफ बड़ौदा दुर्ग क्षेत्र द्वारा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के गंडई क्षेत्र में 54वीं शाखा खोली गई है। नई शाखा का उद्घाटन रायपुर अंचल के अंचल प्रमुख दिवाकर प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को उत्कृष्ट और आधुनिक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रमुख अनंत माधव ने कहा कि बैंक ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा गांव की सभी बैंकिंग आवश्यकताओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। बैंक ऑफ बड़ौदा विगत 118 वर्षों से पीढ़ी-दर-पीढ़ी ग्राहकों को विश्वसनीय बैंकिंग सुविधाएं प्रदान कर रहा है और सही मायने में अपने ग्राहकों के लिए एक सच्चे मित्र की भूमिका निभा रहा है। अंचल प्रमुख दिवाकर प्रसाद ने कहा कि बैंक कृषि समुदाय के उत्थान के लिए कृषि ऋण, बच्चों की शिक्षा हेतु शिक्षा ऋण तथा छोटे व्यापारियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए केंद्र प्रायोजित योजनाओं जैसे पीएम स्वनिधि योजना, मुद्रा ऋण योजना एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। लखपति दीदी योजना के अंतर्गत बैंक अपनी शाखाओं के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। उद्घाटन समारोह में लाल तारकेश्वर शाह खुसरो अध्यक्ष नगर पंचायत गंडई, उमाकांत तिवारी जिला परियोजना प्रबंधक, एनआरएलएम, जय प्रकाश नारायण उप क्षेत्रीय प्रबंधक दुर्ग क्षेत्र सहित ग्राहक व नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मेहर समाज ने मंत्री गजेंद्र यादव को दिया न्यौता



**सेलूद।** छत्तीसगढ़ मेहर समाज की तरफ से क्षेत्रीय समिति बोरतरा के माध्यम से संत शिरोमणि गुरु रविदास का 649 वां जन्म महोत्सव मनाने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग जिला के गजेंद्र यादव कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ सरकार को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच सुखदेव साहू और उपसरपंच गुलाब सिंह सहित मेहर समाज के पदाधिकारी राम बृज लहरी,जिला उपाध्यक्ष बेमेतरा एवं पूर्व महासचिव हर प्रसाद आडिल सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### भाजपा आईटी सेल में प्रमोद सिंह प्रदेश सहसंयोजक नियुक्त

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन ने आईटी सेल की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है।



इस सूची में भिलाई जिले से प्रमोद सिंह को प्रदेश आईटी सेल सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद प्रमोद सिंह ने प्रदेश संगठन, जिला संगठन, प्रदेश आईटी सेल संयोजक सुनील पिल्लै और दुर्ग सांसद विजय बघेल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और संगठन के निर्देशानुसार पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे।

### अवैध अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों पर जुर्माना

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई ने सड़क पर अवैध कब्जा कर व्यापार करने वालों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया है। ज्ञात हो कि सभी जोन कार्यालय क्षेत्र व जीई रोड किनारे लगातार कार्रवाई की जा रही है, फिर भी फल ठेला व अन्य दुकानदारों द्वारा कब्जा, अतिक्रमण कर व्यवसाय किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि हुडको गार्डन के समीप अनेक लघु फुटकर व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण कर व्यवसाय किया जा रहा था। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन-5 राजस्व विभाग की टीम द्वारा स्थल निरीक्षण कर कार्रवाई की गई। फल व्यापारी किशन सोनकर से 500 रुपए और मटका व्यापारी अचिन्ता पाल से 5000 रुपए जुर्माना वसूल करते हुए स्वयं से अतिक्रमण हटाने कहा गया। इसी प्रकार रेडिमेड कपड़ा, हेल्मेट, नारियल पानी, फूल पौधा व्यवसायी, चाय दुकान और पानी दुकान संचालकों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण व अवैध कब्जे को अविलंब हटाने कहा गया है।

### वाडाबलिजा तेलुगू महा सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू होंगे शामिल



**भिलाई।** सेक्टर-6 स्थित सतनाम भवन में 22 फरवरी को वाडाबलिजा तेलुगू महा सम्मेलन आयोजित है। सम्मेलन को लेकर तेलुगू समाज में काफी उत्साह है। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री और श्रीकाकुलम संसदीय क्षेत्र का सांसद किंजरापु राममोहन नायडू को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में वाडाबलिजा जातीय संघम भिलाई का प्रतिनिधिमंडल आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम शहर पहुंचा और केंद्रीय मंत्री से उनके निवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधियों ने उन्हें निमंत्रण सौंपा। इस दौरान मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष रायपुर में आयोजित सम्मेलन में वे शामिल नहीं हो पाए थे, लेकिन इस बार भिलाई आने का प्रयास करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में तेलुगू देशम पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सूराडा चंद्र मोहन, गुल्ला चिन्ना राव, वाडाबलिजा जातीय संघम भिलाई के चेयरमैन मोरिपल्ली बाबू राव, अध्यक्ष डॉ. एल जगन्नाथ राव, संस्थापक एल रुद्र मूर्ति, कोषाध्यक्ष वासुपल्ली योगी रत्नम, स्टीयरिंग कमेटी भिलाई-चरोदा के को-ऑर्डिनेटर बैपल्ली तुलसी राव, सेक्टर जोन को-ऑर्डिनेटर बैपल्ली रामाराव, पोट्टी शिव कुमार और वाडाबलिजा को-ऑपरेटिव सोसायटी के जिला अध्यक्ष चीगटि श्रीरामुलु शामिल रहे।

### पीएम आवास के लिए लॉटरी 26 को

**भिलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एएचपी किफायती आवास मोर मकान-मोर आस और मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक से निर्मित आवासों का आबंटन किया जाना है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर निगम सभागार कक्ष में 26 फरवरी को समय दोपहर 12.30 बजे लॉटरी आयोजित की जाएगी। सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर कुल अंशदान राशि 10 प्रतिशत तथा बेदखली व्यवस्थापन के लिए हितग्राही से 75000 रुपए निगम कोष में जमा कराया जा रहा है। उक्त तिथि को नियमानुसार लॉटरी पद्धति का आयोजन कर हितग्राहियों को आवास आबंटन का लाभ दिया जायेगा।

# खुश खबर : मैत्रीबाग जू में जल्द आएगा रॉयल बंगाल टाईगर का जोड़ा

## पर्यटक दो भालुओं का भी ले सकेंगे नजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्लभ व्हाइट टाईगर के लिए देशभर में प्रसिद्ध मैत्रीबाग जू में अब फिर रायल बंगाल टाईगर की दहाड़ सुनाई देगी। इसके लिए प्रबंधन द्वारा चिड़ियाघर में प्रारंभिक तैयारी चल रही है। वित्त वर्ष में नए मेहमानों की आमद हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि सालभर पूर्व प्रबंधन द्वारा अन्य जू से चार नए वन्य प्राणियों को यहां अदला-बदली(एक्सचेंज) किए जाने के लिए सेंट्रल जू अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड से पत्राचार किया गया था। इसमें यहां एक जोड़ा रायल बंगाल टाईगर और एक जोड़ा भालू लाए जाने की अनुमति मांगी गई थी। सेंट्रल जू अथारिटी की दिल्ली में हुई बैठक में जानवरों को लाए जाने की प्रक्रिया को तेज किए जाने अनुमति के संकेत दिए हैं। आधिकारियो के मुताबिक इसके तहत अगामी वित्त वर्ष में मैत्रीबाग में एक पेयर रायल बंगाल टाईगर और एक जोड़ा भालू लाया जाएगा। इसके लिए रायल बंगाल टाईगर के बाड़े को संवारा जा रहा है। नए मेहमानों के आने से मैत्रीबाग की रौनक बढ़ जाएगी। मैत्रीबाग के प्रभारी व महाप्रबंधक डां. एनके जैन ने बताया कि एक पेयर रायल बंगाल टाईगर व भालू के एक्सचेंज की प्रक्रिया तेज हो गई है। वित्त वर्ष में नए मेहमानों का आगमन हो जाएगा।



### आधा दर्जन बंगाल टाईगर थे

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में पांच साल पूर्व तक आधा दर्जन रायल बंगाल टाईगर हुआ करते थे। लेकिन इस दौरान वृद्धावस्था के चलते एक एक कर सभी टाईगर चल बसे। पिछले दो साल से रायल बंगाल टाईगर का एनक्लोजर खाली पड़ा है। इसके चलते पर्यटक न जंगल के राजा का नजारा ले पा रहे हैं और न ही बच्चों के जू एजुकेशन का भी फायदा मिल रहा है। चिड़ियाघर में वर्तमान में छह सफेद बाघ हैं ही हैं। रायल बंगाल टाईगर व भालुओं के आ जाने से मैत्रीबाग का वन्य प्राणियों का कुनबा बढ़ जाएगा। इसके बदले अन्य जू को यहां से कुछ हिरण दिए जाएंगे।

## 9 करोड़ से धमधा रोड से आदित्य नगर, सिंधिया नगर होते हुए रायपुर नाका तक नई सड़क

# 60 वार्डों में गड्ढों वाली सड़कों से मिलेगी मुक्ति नालियों का भी होगा निर्माण, 16 करोड़ की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शहर के 60 वार्डों को आगामी दिनों में गड्ढों वाली सड़क से मुक्ति मिलेगा। साथ ही नई नालियों का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए शासन ने 16 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। एक दिन पहले महापौर अल्का बाघमार ने शहर विकास के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नगर निकाय मंत्री अरुण साव के सामने मांग रखी थी, जिसे स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा पिछले दिनों प्रस्ताव तैयार कर चौड़ी सड़कों की कार्ययोजना तैयार कर शासन को भेजी गई थी, उसे भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें करीब 9 करोड़ की लागत से धमधा रोड से आदित्य नगर सिंधिया नगर होते हुए रायपुर नाका नई एप्रोच रोड, 9 करोड़ से शहीद चौक से राजेंद्र पार्क सड़क का चौड़ीकरण, 4 करोड़ से साइंस कॉलेज के बगल से केनाल रोड, 17 करोड़ से इंदिरा मार्केट में मल्टी लेवल पार्किंग, 3 करोड़ से कसारीडीह नाला का सुदृढ़ीकरण कार्य शामिल हैं।

महापौर अलका बाघमार ने बताया कि लंबे समय से इन कार्यों को लेकर प्रयास किया जा रहा था। अब जाकर शासन से स्वीकृति मिली है। जल्द ही सारे कामों को शुरू किया जाना है।

### 17 करोड़ से इंदिरा मार्केट में मल्टी लेवल पार्किंग



### गली-मोहल्लों में विकास कार्यों को मिलेगी नई रफ्तार

शहर क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिक निगम के 60 वार्डों में अंदरूनी सड़कों, नालियों एवं अन्य अधोसंरचना कार्यों के लिए 16 करोड़ रुपये की राशि शासन द्वारा स्वीकृत की गई है। यह स्वीकृति महापौर अलका बाघमार के लगातार प्रयासों का परिणाम है। लंबे समय से गली-मोहल्लों में जर्जर सड़कों और क्षतिग्रस्त नालियों की समस्या के समाधान हेतु की जा रही मांग को अंततः शासन ने हरी झंडी दे दी है। अधोसंरचना मद से प्राप्त 16 करोड़ रुपये की स्वीकृति पर महापौर अलका बाघमार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और डिप्टी सीएम अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह राशि केवल सड़क और नाली निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सरकार और जनता के बीच विश्वास की कड़ी को और अधिक मजबूत करने का प्रतीक है।

### 64 करोड़ के कामों की टेंडर प्रक्रिया शुरू, जल्द होगा काम

महापौर अलका बाघमार ने जानकारी दी कि इससे पूर्व लगभग 64 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति मिल चुकी है,जिनकी टेंडर प्रक्रिया जारी है। महापौर ने कहा कि मुख्य मार्गों के साथ-साथ अब गली-मोहल्लों में मूलभूत सुविधाओं की कमी को दूर करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिन क्षेत्रों में सड़कें और नालियां खराब हैं, वहां शीघ्र कार्य प्रारंभ कर नागरिकों को राहत पहुंचाई जाएगी। उन्होंने दोहराया कि निगम का संकल्प है कि विकास की गति सतत बनी रहे और प्रत्येक वार्ड तक मूलभूत सुविधाएं सुलभ हों।

### पोटिया से ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कों का होगा निर्माण

शहर में मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के अन्तर्गत 2025-26 के द्वितीय चरण में निकाय क्षेत्रान्तर्गत आवश्यक निम्नलिखित कार्य गुण्डरदेही रोड से गौठान होते हुए प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी होते हुए हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय एवं पोटिया चौक तक सड़क चौड़ीकरण कार्य किया जाएगा। लंबाई 4.50 किमी लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा, इस पर करीब 14 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। उरला मुख्य मार्ग से प्रस्तावित एसटीपी तक सड़क चौड़ीकरण कार्य हेतु 3 करोड़ की राशि से किया जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति के लिए प्रयास किया जा रहा है। इस मार्ग के बनने से लोगों को पोटिया से पुलगांव जाने की आवश्यकता नहीं होगी। सीधे ट्रेंचिंग ग्राउंड वाले रास्ते से बालोद रोड तक पहुंचा जा सकेगा।

# पानी की बर्बादी और अवैध कब्जा करने वालों पर होगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर निगम रिसाली की महापौर शशी सिन्हा ने वार्ड 33 नेवई का निरीक्षण किया। मॉर्निंग विजिट के दौरान उन्होंने लोगों से समस्या जानी और कई मामलों में निराकरण के लिए मौके पर निर्देश दिए।सफाई व्यवस्था की समीक्षा में उन्होंने पाया कि कई सफाई कर्मचारियों को ग्लव्स उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। इस पर अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि तुरंत सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराई जाए। जल बर्बादी को लेकर उन्होंने निर्देश दिया कि जिन घरों में अनावश्यक रूप से नल का पानी बहाया जा रहा है, उनकी सूची तैयार कर पहले समझाइश दी जाए उनसके बाद कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान उन्हें एक झुका हुआ बिजली खंभा दीवार से सटा हुआ दिखाई दिया। इससे करंट का खतरा होना देख उन्होंने प्रभावित से आवेदन लेकर मामले को छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को भेजकर तत्काल सुधार कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वार्ड में अवैध कब्जों की शिकायतों पर जल्द कार्रवाई करने को कहा।

■ महापौर शशी सिंहा ने किया वार्ड 33 का निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य अनिल देशमुख, संजू नेताम, रोहित धनकर, पार्षद राहुल राय, मनीष साहू, उप अभियंता जयंत शर्मा, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी अमित चंद्राकर, जल विद्युत विभाग के अधिकारी गोपाल सिंहा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# 10 साल से नहीं हुआ डामरीकरण गड्ढे वाली सड़कों से लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नेहरू नगर पूर्व वार्ड 4 की जर्जर सड़कों के डामरीकरण की मांग को लेकर मंगलवार को नेहरू नगर व्यापारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जोन आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। 42 सदस्यों का हस्ताक्षरयुक्त मांग पत्र सौंपा गया। इस दौरान व्यापारियों ने नगर सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गहरा असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने 10 वर्षों से डामरीकरण का इंतजार और सबसे ज्यादा टैक्स देने के बाद भी उपेक्षा का आरोप लगाया। व्यापारी संघ के अध्यक्ष देविंदर सिंह भाटिया ने कहा कि वार्ड 4 नेहरू नगर पूर्व एक प्रमुख आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्र है, जो नगर निगम को सर्वाधिक राजस्व प्रदान करता है। प्राथमिकता के आधार पर इस क्षेत्र का विकास करना चाहिए। कोषाध्यक्ष मुकेश जैन एवं सहसचिव हर्ष चंदेल ने कहा कि चूंकि यह क्षेत्र आवासीय और व्यावसायिक दोनों है, इसलिए यहाँ दिन-भर भारी आवागमन रहता है। सदस्य धर्मेश जोशी ने कहा कि क्षेत्र में व्यापार की हालत सुधरने के लिए अच्छी सड़कों का होना अनिवार्य है; धूल और गड्ढों के कारण ग्राहक और व्यापारी दोनों परेशान हैं। जोन आयुक्त ने सकारात्मक कार्यवाही कर प्रस्ताव आगे भिजवाने का आश्वासन दिया।

■ व्यापारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन

# शास्त्रीनगर में नाली और सड़क डामरीकरण का अधूरा निर्माण

## नाली बनाने 20 दिन से खोदे गए गड्ढे से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर निगम भिलाई के वार्ड 27 शास्त्रीनगर में नाली और सड़क डामरीकरण का काम अधूरा छोड़ दिया गया है। नाली निर्माण के लिए करीब 20 दिन पहले गड्ढा खोदा गया था, लेकिन इसके बाद से निर्माण आगे नहीं बढ़ा। वहीं तीन दर्शन मंदिर के पास सड़क के दोनों किनारे डामरीकरण के बाद बीच में ही छोड़ दिया गया। बता दें कि इस वार्ड में सड़क और नाली निर्माण के लिए करीब 1.19 करोड़ रुपए स्वीकृत मिली है।

■ सड़क और नाली के लिए 1.19 करोड़ स्वीकृत

तीन दर्शन मंदिर के पास सड़क डामरीकरण का काम अधूरा छोड़ दिया गया है। यहां सड़क के दोनों किनारों पर डामरीकरण किया गया, लेकिन बीच का हिस्सा जस का तस छोड़ दिया गया। नतीजा यह है कि सड़क ऊबड़-खाबड़ हो गई है और वाहन चालकों को रोज परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द सड़क का पूरा डामरीकरण कराए, ताकि संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके। अधूरे निर्माण के कारण आवाजाही प्रभावित हो रही है और हादसे का खतरा भी बना हुआ है।



बीएम शाह अस्पताल के पास अधूरा नाली निर्माण

# ग्रामीणों को दी वीबी रामजी योजना की जानकारी, निकाली जागरुकता रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन वीबीजी रामजी के तहत भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के आव्हान पर जागरुकता रैली निकाली गई। प्रदेश संयोजक बिजेन्द्र सिंह ने चिखली में श्रमिक जोहार चौपाल के तहत वीबी जी राम जी के कार्य स्थल में जाकर श्रमिकों से मिलकर उनकी समस्या सुनीं। कार्य योजना को संक्षेप में समझाया और कहा कि मनरेगा जो कांग्रेस सरकार की योजना में लाखो लाख का घोटला गढ्ढा खोदने और पटाने के नाम पर किया जाता था, श्रमिको को वेतन नहीं मिलता था, ग्रामो का अधोसंरचना विकास नहीं हो पाता था. अब उसमें बदलाव होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांवों के विकास एवं उनकी आवश्यकताओं को देखते हुये विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) को लेकर है। कार्यक्रम के अतिथि पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को साकार करने का माध्यम है। इस अभियान का उद्देश्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना है। उन्होंने नागरिकों से विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने तथा दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर सरपंच ललिता ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

■ नागरिकों से योजनाओं का लाभ लेने किया आह्वान

## हितग्राहियों को नहीं मिला लाभ, बैंक का नोटिस जाने के बाद हुई जानकारी

# पीएम आवास और पेयजल संकट को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में विभिन्न मांगों को लेकर बजरंग दल ने जमकर प्रदर्शन किया है। इस दौरान दल ने निगम प्रशासन से मांग किया कि पीएम आवास योजना के अंतर्गत यहां के कई हितग्राहियों के नाम से आवास की राशि स्वीकृत कर खाते से निकाला गया। हितग्राहियों को इसे लेकर कोई जानकारी नहीं है। उत्कर्ष फायनेंस से नोटिस आने के बाद ही हितग्राहियों को जानकारी हुई। इसे लेकर भिलाई तीन पुलिस ने तीन बार निगम को रिमाइंडर पत्र भी भेजा था। लेकिन निगम ने अभी तक कोई भी दस्तावेज उफलब्ध नहीं कराया है। खसरा नंबर 755 में तीन आवास को पास कर उसमें से एक आवास को सरकारी जमीन का हवाला देकर रोक दिया गया। जबकु उसकी स्वीकृति तीनों आवास से पहले ही आई थी। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि आरटीआई में मिले दस्तावेज से स्पष्ट हो गया है कि एक ही व्यक्ति को मकान दो बार आबंटित किया गया है। भिलाई-चरोदा निगम क्षेत्र के कई वार्डो में पेयजल समस्या बढ़ी हुई है। गर्मी के आते ही यहां पर जल संकट उभर कर आता है। यहां के बोरिंग, मशीन खराब रहता है। उसे बेहतर कर समस्या से पहले अपडेट कर रखा जाए। इसे लेकर जनता निगम पहुंच री है लेकिन उल्टे पांव आना पड़ रहा है। इस दौरान पुष्पराज सिंह, रोहित सिंह, विनोद यादव, अरुण शर्मा, रवि भारती, कुशल तिवारी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



### नाले पर अवैध निर्माण

प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि निगम के कर्मियों द्वारा नाले के ऊपर में अवैध निर्माण कर रखा है। जिसकी शिकायत करने के बावजूद भी कार्यवाई सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है और पद का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा निगम क्षेत्र में बेखौफ तरीके से अवैध प्लाटिंग का काम चल रहा है। इसे रोका नहीं जा रहा है। पीएम आवास में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर सीएम से शिकायत की गई थी। पत्र निगम में पहुंचने के बाद भी कार्यवाई नहीं की गई।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04 जानिए फाउंडेशन लगाने का सही तरीका

**लाइव इवेंट**

## भिलाई में 1 हजार से अधिक श्रद्धालु सामूहिक रुप से करेंगे रामायण पाठ



**भिलाई ।** नेहरू नगर स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में 21 फरवरी से 1 मार्च तक संगीतमय नवधा पारायण रामायण पाठ का आयोजन किया गया है। यह रामायण पाठ सुप्रसिद्ध पं. गिरधर गोपाल आसोपा और पं. सुशील आसोपा (जोधपुर) के श्रीमुख से कराया जाएगा। जिसमें प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से संध्या 7 बजे के बीच लगभग 1 हजार श्रद्धालु सामूहिक रूप से रामचरित मानस का पाठ करेंगे। नवधा पारायण रामायण पाठ का शुभारंभ 21 फरवरी को प्रातः 10 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। यह शोभायात्रा श्री राधाकृष्ण मंदिर नेहरु नगर से प्रारंभ होकर नेहरु नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी। नवधा पारायण रामायण पाठ के समापन पर अंतिम दिन 1 मार्च को दोपहर 1 बजे महाभंडारा का आयोजन किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए राधाकृष्ण मंदिर नेहरु नगर के अध्यक्ष संजय रुंगटा ने बताया कि भिलाई में पहली बार नवधा पारायण रामायण पाठ का आयोजन हो रहा है। इसे लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। व्यवस्था की दृष्टि से रामायण पाठ में शामिल होने पंजीयन कराना आवश्यक है।

**लाइव इवेंट**

## गायक संजय को प्रतिष्ठित बंश बहादुर मल्ल संगीतश्री सम्मान



**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में उच्च पदस्थ रहे सेवानिवृत्त अफसर और जाने-माने गायक संजय सिंह को गायन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए इस वर्ष का प्रतिष्ठित बंश बहादुर मल्ल संगीत श्री सम्मान प्रदान किया जाएगा। वर्तमान में नोएडा निवासी संजय सिंह को यह सम्मान 22 फरवरी को अपरान्ह 3:30 बजे से निराला सभागार, दूसरा तल, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, हज़रतगंज, लखनऊमें प्रदान किया जाएगा। संजय सिंह ने बताया कि यह प्रतिष्ठित सम्मान संगीत कला के विभिन्न रूपों में उपलब्धि के लिए दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि संजय सिंह बहुआयामी प्रतिभा के धनी भारतीय गायक, संगीतकार और रचनाकार हैं। उन्होंने सोनी, जी और दूरदर्शन जैसे प्रमुख भारतीय टेलीविजन चैनलों के लोकप्रिय रियलिटी शोज में विजयी होकर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड में उच्च पदों पर दायित्व निभाने के बाद उन्होंने संगीत को पूर्णकालिक रूप से अपनाया और संगीत के प्रति ही अपना जीवन समर्पित किये हुए हैं। गायक के साथ-साथ वे एक प्रतिभाशाली संगीतकार भी हैं। उनकी कई संगीत रचनाएं टी-सीरीज जैसे प्रमुख म्यूजिक लेबल्स द्वारा जारी की गई हैं।

संजय सिंह को संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनिसेफ द्वारा विशिष्ट मान्यता प्रमाण पत्र और शील्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें एक विशेष म्यूज़िक वीडियो के लिए प्रदान किया गया, जो दिव्यांग बच्चों पर केंद्रित था। उन्होंने अब तक भारत सहित विश्व के विभिन्न देशों में 200 से अधिक लाइव स्टेज प्रस्तुति दी है। वे अब तक 100 से अधिक गीतों की रचना और गायन स्वयं कर चुके हैं, और अपने सभी कार्यों का कॉपीराइट उनके नाम पर सुरक्षित है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संगीत बैंड के साथ भी सफलतापूर्वक सहयोग किया है।

**लाइव इवेंट**

## गुरुनानक सार्वजनिक धर्मशाला के संस्थापक को दी श्रद्धांजिल



**भिलाई।** पंजाबी भाईचारा द्वारा संचालित श्री गुरुनानक सार्वजनिक धर्मशाला के संस्थापक स्व. भगवान दास बैरी की 28वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को हॉस्पिटल सेक्टर में श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों, आजीवन सदस्यों और धर्मशाला स्टाफ ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। स्व. भगवान दास बैरी द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई शहर और समाज के प्रति किए गए विकास कार्यों को याद किया गया। विशेष रूप से हॉस्पिटल सेक्टर स्थित श्री गुरुनानक सार्वजनिक धर्मशाला जिसके वे संस्थापक रहे, जो आज पूरे छत्तीसगढ़ में सर्वसुविधायुक्त एकमात्र ऐसी धर्मशाला है जहां कम दर में सभी तरह के कमरे उपलब्ध हैं और अस्पताल में इलाज कराने आये मरीज के परिजनों, बाहर से पढ़ने आए छात्र-छात्राओं या अन्य किसी भी कार्य से भ्रमण पर आए यात्रियों के लिए एक वरदान है। इस अवसर पर भगवान दास बैरी की बेटी आशा बैरी, उनके दामाद, पंजाबी भाईचारा के अध्यक्ष बीएल नेब, उपाध्यक्ष पलविंदर सिंघ रंधावा, इंदरजीत कौर, सचिव निर्मल सिंघ रंधावा, कोषाध्यक्ष जसवन्त सिंघ खालसा, सहसचिव कुलदीप सिंघ, हरकिरण सिंघ, मैनेजर संतोष बरहाटे, शिफ्ट इंचार्ज गुरमीत सिंघ, श्रवण सिंघ सहित सभी प्रबंधन स्टाफ मौजूद थे।

● विद्यार्थियों को करेंट अफेयर्स को जोड़ने के लिए की गई शुरुआत, बताया जा रहा-मोबाइल स्क्रीन में ज्यादा समय बिताना कितना खतरनाक

# सरकारी स्कूलों में प्रार्थना सभा में गूंज रही अखबार की हेडलाइन, स्टूडेंट्स को उनकी दिनचर्या में अखबार पढ़ने के लिए किया जा रहा प्रेरित

सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे अब सभी प्रमुक अखबारों में छपने वाली खबरों से रूबरू होंगे। सुबह होने वाली प्रार्थना सभा में उन्हें अखबारों में प्रकाशित खबरों की हेडलाइन्स का पठन करना होगा। ताकि वे समसामयिक घटनाओं और करेंट अफेयर्स के बारे में पूरी जानकारी रख सकें। इसकी शुरुआत सरगुजा जिला के विकासखंड प्रेमनगर के शासकीय प्राथमिक शाला पीपरडांड से शुरू हो चुकी है। इतना ही नहीं दुर्ग जिले में कई स्कूलों में सालों से इस दिशा में काम किया जा रहा है।

अतुल अग्रवाल ▶▶भिलाई





स्कूलों में सुबह की प्रार्थना के समय तीन-तीन बच्चों को सुविचार, अखबारों की हेडलाइन और जीके का पठन करने के लिए कहा जाता है, ताकि सारे बच्चे अखबार करने के लिए प्रेरित हो सकें। इधर शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव ने भी इसे गंभीरता से लिया है। हरिभूमि से विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि अखबार हर किसी को पढ़ना चाहिए। सोशल मीडिया के दौर में पढ़ने की अपनी महत्ता है। पढ़ने से हमें चीजें याद रहती हैं। इसलिए सभी सरकारी स्कूलों में प्रार्थना के समय अखबारों के पठन के लिए आदेश निकालने की तैयारी की गई है। शासन स्तर पर इसकी नोटशीट भी चल चुकी है। जल्द ही इसे सभी स्कूलों में लागू किया जाएगा।

बच्चों का ज्ञान बढ़े और फर्राटे से पढ़ने का अभ्यास हो सके। प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों को मातृभाषा का ज्ञान हो, इसलिए अखबार को प्राथमिकता में रखा गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा अथवा स्थानीय बोली में हो, ऐसा कहा गया है। अखबार इसका सबसे अच्छा माध्यम माना गया है। अखबार सामान्य बोल-चाल की भाषा का प्रयोग करते हैं। साथ ही शब्दों का भंडार होता है। छात्रों के लिए प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ना एक लाभकारी आदत है। इससे उन्हें समसामयिक घटनाओं, महत्वपूर्ण मुद्दों और विविध विचारों से अवगत होने का अवसर मिलता है। यह आदत गुणवत्तापूर्ण भाषा और सुव्यवस्थित सामग्री के संपर्क में आने से उनकी पढ़ने और लिखने की क्षमताओं को बढ़ाती है। शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखकर उसे जीवन से जोड़ने की दिशा में अभिनव पहल भी हो चुकी है। विद्यालय में विद्यार्थियों की दैनिक दिनचर्या में अखबार वाचन को शामिल किया गया है। इस प्रयास से परीक्षा-केंद्रित शिक्षा को ज्ञान-केंद्रित शिक्षा में परिवर्तित करने की दिशा में सार्थक कदम उठाया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत विकसित करना ही नहीं, बल्कि उन्हें सोचने, समझने, तर्क करने और प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित करना है।

शासन की तैयारी है कि सप्ताह में एक दिन विद्यार्थियों को किसी संपादकीय विषय पर मौलिक लेखन एवं समूह चर्चा के लिए प्रेरित किया जाएगा। इससे बच्चों में विचार-विमर्श, संवाद कौशल,अभिव्यक्ति क्षमता तथा नैतिक मूल्यों का विकास होगा। विद्यालय की इस नवाचारपूर्ण पहल की क्षेत्र में व्यापक सराहना की जा रही है। यह प्रयास निश्चित रूप से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### बच्चों में मोबाइल स्क्रीन टाइम के कारण पठन संस्कृति हो रही कमजोर

विशेषज्ञों माना है कि वर्तमान समय में बढ़ते मोबाइल स्क्रीन टाइम के कारण बच्चों में पठन संस्कृति कमजोर होती जा रही है। ऐसे में समाचार पत्र वाचन शिक्षा सुधार का एक प्रभावी माध्यम बनकर सामने आया है। नई व्यवस्था के तहत विद्यालय की प्रार्थना सभा अब केवल अनुशासनात्मक गतिविधि तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि जागरूकता की पाठशाला के रूप में विकसित होगी। छात्र-छात्राएं प्रतिदिन अखबार की प्रमुख सुर्खियां पढ़ेंगे और देश-दुनिया की समसामयिक घटनाओं से अवगत होंगे।

### दुर्ग जिले के कोड़िया स्कूल में सालों से अखबार पढ़ने की परंपरा

दुर्ग जिले के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल की प्राचार्या डॉ. सरोज साहू बताती हैं कि उनके स्कूल में सालों से बच्चों को अखबार पढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हर दिन सुबह प्रार्थना के समय तीन बच्चों प्रमुख अखबारों की हेडिंग पढ़कर स्कूल के सारे बच्चों को सुनाते हैं। इसके बात उन्हें हेडिंग दोहराने कहा जाता है। इसके अलावा सुविचार और समान्य ज्ञान से जुड़े विषयों की भी जानकारी दी जाती है। इस दौरान अखबार पढ़ने के फायदे और करेंट अफेयर्य की वर्तमान समय में जरूरत की भी जानकारी दी जाती है।





### अखबार वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत

अखबार वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। इस बात को हम सभी को समझने की जरूरत है। सोशल मीडिया के इस युग में मोबाइल स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने से भूलने की प्रवृत्ति बढ़ती है। अखबार पढ़ने से हमारे स्मरण शक्ति बढ़ती है। साथ ही वर्तमान समय में देश-दुनिया में क्या कुछ चल रहा है, इसका पता चलता है। कई ज्ञानवर्धक जानकारी मिलती है। सभी विषयों के बारे में ज्ञान प्राप्त होता है। स्कूलों में अखबारों के पठन को लेकर शासन स्तर पर नोटशीट चली है। जल्द ही इसे लागू किया जाएगा।

## शिक्षा ही वह आधार है जो बच्चों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाती है: ललित चन्द्राकर



**भिलाई।** पीएमश्री प्रोन्नत शासकीय प्राथमिक शाला उतई में वार्षिक स्नेह सम्मेलन और पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने मेधावी ओर प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि शिक्षा ही वह आधार है जो हमारे बच्चों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा उद्देश्य है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और वे अपने सपनों को पूरा कर सकें। विधायक ने सभी से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाएं और उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करें। वार्षिक उत्सव बच्चों को शाल भर इंतजार रहता है, बच्चे अपने प्रतिभा को दिखाते हैं, शाल भर के लेखा जोखा को प्रस्तुत करते हैं। बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होता है, उसको जिस सांचे में ढालोंगे उस हिसाब से बन जाता है। माता पिता बच्चों का प्रथम गुरु होता है, इस लिए घर में शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी प्रदान करें जिससे समाज में सभ्य नागरिक बन सके। विधायक चंद्राकर ने बच्चो से कहा कि 21 फरवरी से दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा शुरू हो रही हैं। इन दिनों आपके मन में उत्साह भी है और तनाव भी, लेकिन सबसे पहले यह जान लीजिए कि आप अकेले नहीं हैं। हम सब आपके साथ हैं। आप सभी नियमित पढ़ाई करें, कठिन विषयों को दोहराएं, समय का संतुलन बनाए रखें। पर्याप्त नींद लें, पौष्टिक भोजन करें और कुछ दिनों के लिए मोबाइल से दूरी बनाकर अपने लक्ष्य पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित करें।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, चंदु देवांगन, शिव नारायण देशमुख, सोनू राजपूत, विमला कामड़े, दानेश्वरी देशमुख, संगीत रजक, हुबीराम साहू, लता सोनवानी, अनिता नीलम गढ़े, विजयलक्ष्मी साहू, रुपेश पारख, गिरीश शर्मा, लाला राम साहू, सुब्बा नायडू आदि मौजूद थे।

## नेमीचंद ने किया नेत्रदान, उनकी आंखों से दो लोग देख सकेंगे दुनिया



**दुर्ग।** भोईपारा आपापुरा निवासी नेमीचंद संचेती के निधन के बाद पारिवारिक सदस्य संजू दुग्गड एवं धरम चोपड़ा के प्रयास से उनकी पत्नी सुशीला देवी संचेती, पुत्र जय संचेती, भाई ज्ञानचंद, पदम संचेती, महेंद्र संचेती की सहमति से नेत्रदान किया गया। नवदृष्टि फाउंडेशन के राज आढ़तिया, रितेश जैन, नवीन संचेती, राजेश पारख, सुरेश जैन, मुकेश राठी, प्रभु दयाल उजाला, सपन जैन ने निवास पहुंचकर दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी की। शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ. संदीप बचकर, डॉ. ज़ेउसन मैथ्यू व नेत्र प्रभारी विवेक कसार ने आपापुरा पहुंचकर कॉर्निया कलेक्ट किया। ज्ञानचंद संचेती ने कहा पूरा परिवार सदमे में है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। आज भाई के जाने के बाद हमारे भाई के नेत्रों से दो परिवारों को नई ज्योति मिलेगी। इस नेत्रदान के निर्णय से परिवार को आत्मिक संतुष्टि है।

**आगामी दिनों में होने वाली परीक्षाओं को लेकर शासन ने जारी किए दिशा-निर्देश**

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** सीजीपीएससी ने आगामी परीक्षाओं के लिए परीक्षार्थियों के लिए दिशा-निर्देश और अनुशासन नियमावली जारी की है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले अभ्यर्थियों पर न केवल जुर्माना लगाया जाएगा, बल्कि उन्हें भविष्य की परीक्षाओं से प्रतिबंधित भी किया जा सकता है। परीक्षा में परीक्षार्थी को दिया गया प्रवेश नितांत प्राविधक है। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी अपना प्रवेश-पत्र तथा अपना मूल पहचान पत्र हमेशा साथ रखें। परीक्षा, आयोग द्वारा नियत समय पर ही प्रारंभ होगी तथा समय के निर्धारण के लिए केन्द्राध्यक्ष की घड़ी का समय ही प्रामाणिक मानकर केन्द्राध्यक्ष द्वारा परीक्षा संचालन किया जाएगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परिस्थिति में किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश तथा परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं होगी। कक्ष में पर्यवेक्षक के घोषणा करने के बाद प्रश्न पुस्तिका, प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका खोलें। यह सुनिश्चित कर लें कि यह ठीक है जैसे कि, उसमें बिना छपे हुए, फटे हुए, छूटे हुए पृष्ठ या अंश आदि तो नहीं है।

## सीजीपीएससी एग्जाम के लिए गाइडलाइन जारी, जूता-मोजा और स्मार्ट वॉच के उपयोग पर रहेगा पूरी तरह प्रतिबंध





फाइल फोटो

### परीक्षा अवधि के समय कक्ष से बाहर जाने की नहीं होगी अनुमति

परीक्षा प्रारंभ हो जाने के बाद सामान्यतः परीक्षार्थी को परीक्षा अवधि में परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। विशेष अनुमति लेकर उनकी निगरानी में ही बाहर जाया जा सकेगा। किसी आपात स्थिति को छोड़कर किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे तथा परीक्षा समाप्ति के 15 मिनट पूर्व से परीक्षा समाप्ति तक किसी भी स्थिति में परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति न दी जाए। शेष अंतराल में परीक्षार्थी को आवश्यकता होने पर प्रसाधन हेतु केवल निर्धारित प्रसाधन कक्ष तक जाने की अनुमति दी जा सकती है। परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र हल करने के बाद केन्द्राध्यक्ष पर्यवेक्षक द्वारा एकत्रित की की गई आंसरशीट कलेक्टर करने के बाद परीक्षा कक्ष छोड़ेगा।

### परीक्षा में अनुचित साधनों के प्रयोग पर होगी कार्रवाई

परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व सुनिश्चित करें कि उनकी सीट पर, सीट के निकट, उनके पास, कम्पास, स्केल, या पोकेट में कोई अवांछित सामग्री, कोई पुस्तक या अनावश्यक कागज आदि नहीं है तथा ये अनुचित साधन के प्रयोग से बचें। परीक्षा कक्ष में अनुचित साधनों का प्रयोग सर्वथा वर्जित व दंडनीय है। परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी द्वारा अपने साथ कोई भी कोरा या लिखा हुआ कागज डिजिटल डायरी, पुस्तक, जूते अथवा मोटे सोल या उंची हील वाले फुटवियर, किसी प्रकार के चश्में, गॉगल्स, गूगल, मेटा या अन्य डिजिटल ग्लासेस, चश्में, वस्तु टीप, इलेक्ट्रानिक यंत्र, मोबाइल फ़ोन घड़ी (स्मार्ट वॉच/मैकेनिकल), आईटी गैजेट्स/पेजर्स/ब्लूटूथ डिवाईस / केलकुलेटर आदि लाना अनुचित साधनों के प्रयोग में शामिल माना जाएगा। ऐसी स्थिति में उसे परीक्षा से निष्कासित किया जा सकेगा तथा साथ ही उसे आगामी ऐसी अवधि के लिए जो आयोग उचित समझे, आयोग की सभी परीक्षाओं एवं साक्षात्कारों से वंचित करने का दंड भी दिया जा सकेगा।

### दिव्यांग को मेडिकल बोर्ड की अनुमति के आधार पर होगी सहलेखन की अनुमति

अधिकारियों ने बताया कि ऐसे सभी दिव्यांग परीक्षार्थियों को जिन्हें आवश्यकता हो मेडिकल बोर्ड का चिकित्सीय प्रमाण-पत्र/सिविल सर्जन का चिकित्सीय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर उनके मांग अनुसार आयोग द्वारा सह-लेखक की सुविधा दी जायेगी। परीक्षार्थी सह-लेखक की सुविधा प्राप्त करने हेतु कार्यालयीन प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए परीक्षा तिथि के 05 दिवस पूर्व संबंधित जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में संपर्क करेंगे। परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी द्वारा अपने साथ कोई भी कोरा या लिखा हुआ कागज, पुस्तक, जूते अथवा मोटे सोल या उंची हील वाले फुटवियर, किसी प्रकार के चश्में, गॉगल्स सहित अन्य प्रतिबंधित किए गए हैं।

## सिटी इवेंट

# डॉ. आर्य ने शतपथ ब्राह्मण पर अपना शोध पत्र किया प्रस्तुत



**भिलाई।** आचार्य डॉ. अजय आर्य ने उड़ीसा के बरगढ़ स्थित नवप्रभात वैदिक विज्ञान शोध केन्द्र तथा गुरुकुल नवप्रभात वैदिक विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय वैदिक शोध संगोष्ठी में अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। यह संगोष्ठी वैदिक अध्ययन, अनुसंधान और परंपरा की दृष्टि से अत्यंत ऐतिहासिक, गरिमामयी एवं प्रेरणास्पद सिद्ध हुई। इस राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य वैदिक वाङ्मय, श्रौतयाग, यज्ञविद्या, ब्राह्मण ग्रंथों तथा वैदिक दर्शन के विविध पक्षों पर गंभीर, मौलिक एवं समकालीन संदर्भों से जुड़े शोध कार्यों को सशक्त मंच प्रदान करना था। डॉ. आर्य ने अपने शोध का आधार 1973 में प्रकाशित पंडित बुद्धदेव विद्यालंकर कृत, पूज्य समर्पणानंद सरस्वती को समर्पित शतपथ ब्राह्मण को बनाते हुए यज्ञविद्या, सोमतत्त्व तथा देव और व्रत जैसे शब्दों के गूढ़ दार्शनिक, आध्यात्मिक एवं मनोवैज्ञानिक आयामों को विद्वतापूर्ण ढंग से स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि यज्ञ केवल अग्नि में आहुति देने की बाह्य प्रक्रिया नहीं है, बल्कि वह मानव जीवन के निर्माण और परिष्कार की एक वैज्ञानिक, मनोवैज्ञानिक एवं नैतिक पद्धति है। सम्मेलन में अपेक्स विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, उत्कल विश्वविद्यालय, ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, विश्वभारती विश्वविद्यालय तथा गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय सहित देश के अनेक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों का प्रतिनिधित्व देखने को मिला। इस अवसर पर विनोद कुमार, डॉ. सत्यकेतु, डॉ. विश्वेश तथा प्रेम प्रकाश शास्त्री सहित अनेक विद्वानों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।



## समाज इवेंट

# रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब ने 150 से अधिक संस्थाओं को किया सम्मानित



**भिलाई।** रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब के 13 वां स्थापना दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान सम्मान समारोह का आयोजन साहू मित्र सभा भिलाई नगर कर्मा भवन में किया गया। संस्था के संयोजक सुरज साहू और फाउंडर हीरा शंकर साहू ने बताया कि समाज सेवा के क्षेत्र में सेवा कार्य करने वाले सामाजिक संस्थाओं एवं रक्तदाताओं को रक्त वीर के रूप में सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, कसडोल विधायक संदीप साहू, समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू, भिलाई निगम के सभापति गिरवर बंटी साहू, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष टोमन लाल साहू, तुलसी साहू, कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम में अमित साहू संरक्षक रेड ड्रॉप, चंद्र भूषण साहू अध्यक्ष साहू संघ, यशवंत साहू, डॉ. कृष्णकांत साहू, डॉ. आकांक्षा साहू, डॉ. आयुषि खरे, डॉ. संजय वालबेंद्रे, एमके साहू, खिलावन साहू, डॉ. सुनील साहू सहित अन्य को सम्मानित किया गया।

- रक्त मित्रों को सम्मानित करने पहुंचे विधायक रिकेश सेन, ललित चंद्राकार, रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष टोमन साहू

## समाज लाइव

# लोरी गाकर मातृत्व के भाव को किया प्रदर्शित, मिला सम्मान



**दुर्ग।** तालपुरी के क्लब हाऊस में वनिता मंडल पद्मनाभपुर द्वारा एक प्रतियोगिता अंगाई गीत स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमे प्रतिभागियों ने लोरी गाकर अपने मातृत्व के भाव प्रस्तुत किया। विभिन्न मंडल के प्रतियोगियों ने भाग लिया। परीक्षक सीमा वझलवार और भारती गणोरकर थीं। प्रतियोगिता में वैशाली देशपांडे प्रथम, सृजन महाराष्ट्र मंडल की अलका गोवर्धन द्वितीय और सेक्टर 4 महाराष्ट्र मंडल की रेवती जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में भिलाई और दुर्ग के सभी 10 महाराष्ट्र मंडलों ने भाग लिया।

## सुराना कॉलेज दुर्ग में नई शिक्षा नीति को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला

# किसी भी लक्ष्य को पाना आसान नहीं होता, मजबूत इच्छाशक्ति व ईमानदार प्रयास से मिलती है सफलता

**दुर्ग।** सुराना कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय ज्ञान प्रणाली का कार्यान्वयन विषय पर आधारित था। सम्मेलन का उद्घाटन रूंगटा इंटरनेशनल स्कील यूनिवर्सिटी भिलाई के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीण चंद्र तिवारी ने की। प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। संतोष रूंगटा ने शुभारंभ अवसर पर कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा से तात्पर्य उस बहुआयामी बहु-विषयक ज्ञान है। इसमें वेद, उपनिषद, साहित्य, प्राचीन गणित, दर्शन, भाषा, व्याकरण आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा भविष्य में बहुत अवसर है, लेकिन प्राप्त करना आसान नहीं है। लेकिन मजबूत इच्छाशक्ति और ईमानदार प्रयासों से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। प्रवीण चंद्र तिवारी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा बहुत ही समृद्ध है जिसे हम भुला चुके हैं और इसलिए आवश्यक हो गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में इसे शामिल किया जाए, ताकि आज के युवा अपने भारतीय ज्ञान परंपरा को जान सके और उस पर गर्व कर सके। उन्होंने आगे कहा कि शून्य और दशमलव का ज्ञान भारत नहीं देता तो आज हम चांद पर नहीं जा पाते। सम्मेलन के प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता जयप्रकाश पाण्डेय ज्वाइंट डायरेक्टर जनरल डीजीसीए नागरिक उड्यन मंत्रालय जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 निर्माण समिति के सदस्य भी रहे हैं। उन्होंने अपने वक्तव्य में भारतीय ज्ञान परंपरा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस शिक्षा नीति में इसे शामिल करने के औचित्य पर विस्तृत प्रकाश डाला।



### वेदों में वे जानकारियां, जिसका उपयोग दूसरे देश कर रहे

जय प्रकाश पांडेय ने कहा कि हमारे वेद, उपनिषद, खगोल विज्ञान, साहित्य, प्राचीन गणित, दर्शन, भाषा, व्याकरण में वे सभी जानकारियां हैं, जिसे अन्य देश एवं वैज्ञानिक उपयोग में ला रहे है। इसे अपना ज्ञान और अपनी खोज बता रहे हैं, जबकि वास्तविक में यह खोज हमारी है। भारतीय ज्ञान परंपरा के द्वारा पूर्व के मनीषियों ने कई खगोलीय गणना की जिसे वैज्ञानिक पद्धति से प्रमाणित भी किया गया जो बिल्कुल सही और सटीक है। द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. मेधा कानेटकर प्राचार्य निकतन महाविद्यालय नागपुर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय ज्ञान प्रणाली के कार्यान्वयन पर प्रकाश डाला। द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. संजय तिवारी ने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली में शिक्षा का उद्धेश्य रोजगार पाना नहीं है, बल्कि व्यक्ति का समय विकास हो, जिससे कि वे समाज का विकास कर सके यही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मूल उद्धेश्य है।



### योग हमारी प्राचीन परंपरा, आज पूरा विश्व इसे मान रहा

डॉ. संजय तिवारी ने कहा कि आधुनिक शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा का बहुत बड़ा योगदान है। योग हमारी प्राचीन परंपरा है और आज पूरा विश्व इसे मानता है। इससे लाभान्वित हो रहा है। द्वितीय दिवस के मुख्य वक्ता डॉ. जीए घनश्याम प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय कबीरधाम ने भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा नीति में शामिल करने के औचित्य पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा नीति के तीन महत्वपूर्ण आयाम शिक्षा, चरित्र और कौशल है। उन्होंने देश के कई प्राचीन मंदिरों के निर्माण में वैदिक रीति एवं खगोलीय गणनाओं के उपयोग किये जाने का उल्लेख किया।

### शिक्षा के साथ चरित्र और कौशल की जानकारी देने वाली

समापन समारोह के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. भूपेन्द्र कुलदीप ने शिक्षा नीति के तीन महत्वपूर्ण आयाम शिक्षा, चरित्र और कौशल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गा शुक्ला ने दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस सम्मेलन के संयोजक वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष श्री मनोज कुशवाहा थे। इस अवसर पर महाविद्यालय शासी निकाय के अध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला शिक्षण समिति के संरक्षक डॉ. जयराम अय्यर, सदस्य शंकरलाल अग्रवाल, विनोद जैन, विरेन्द्र शुक्ला एवं आयोजन समिति के सलाहकार डॉ. सोमाली गुप्ता, विश्वविद्यालय शोध प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. सुनीता मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पवनदीप कौर, यूमेनिका वर्मा एवं पूर्वी वर्मा ने किया।

## आयोजन

# देवबलौदा के कल्चुरी कालीन शिव मंदिर में दिखी छत्तीसगढ़ी परंपराओं की झलक



**भिलाई।** महाशिवरात्रि पर नगर पालिक निगम भिलाई -चरोदा के दो दिवसीय रंगारंग सांस्कृतिक आयोजन देवबलोदा महोत्सव का समापन हुआ। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रुप में सांसद विजय बघेल पहुंचे थे। महोत्सव के उद्घाटन समारोह में महापौर निर्मल कोसरे, सभापति कृष्णा चंद्राकर, निगम आयुक्त डीएस राजपूत समेत निगम के जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मी शामिल थे।

नगर निगम की ओर से प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर देवबलोदा महोत्सव मनाया जाता है। समारोह में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल पहुंचे थे। इस दौरान पुरानी यादों को ताजा करते हुए कहा कि भिलाई - चरोदा नगर निगम क्षेत्र उनकी जन्म और कर्मभूमि है। इसलिए देवबलोदा गांव, यहां पर स्थित कल्चुरी कालीन शिव मंदिर और महाशिवरात्रि पर लगने वाला मेले की तस्वीर बचपन से ही उनके मन मस्तिक में अंकित है। जब वर्ष 2000 में नगर पालिका के प्रथम अध्यक्ष बनने का सौभाग्य मुझे मिला तो तात्कालिन परिषद के सदस्यों के साथ मिलकर देवबलोदा के प्राचीन शिव मंदिर की प्रसिद्ध को देश भर में विस्तार रुप देने के लिए महोत्सव के आयोजन की शुरुआत की गई। महोत्सव को 24 वें वर्ष मनाया जा रहा है। अगले साल रजत जयंती महोत्सव को भव्य तरीके से मनाया जाना चाहिए। महापौर निर्मल कोसरे ने इस बार हो रहे देवबलोदा महोत्सव की रुपरेखा की जानकारी देकर अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी मुख्य कार्यक्रम से पहले स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया गया। नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारियों ने भी अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य कार्यक्रम के छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक कलाकार सुनील सोनी और उनकी टीम द्वारा रंगारंग मंचीय प्रस्तुति ने देर रात तक दर्शकों को बांधे रखा। द्वितीय दिवस लोक कलाकार पायल साहू के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। कलाकारों को सम्मानित भी किया गया।

## जागरुकता अभियान

# लोगों को यातायात नियमों के लिए किया जागरूक, सम्मानित



**भिलाई।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा से जुड़ी वीरांगनाओं ने लोगों को यातायात नियमों के लिए जागरूक करने के लिए एक अभियान चलाया। इसमें लोगों को जानकारी दी गई कि उनका जीवन अनमोल है। घर में परिवार उनका इंतज़ार कर रहा है। गाड़ी तेज स्पीड में नहीं चलाएं, हेलमेट का उपयोग करें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें। इस कार्यक्रम में ट्रैफिक विभाग का पूरा सहयोग रहा। वीरांगना टीम ने नुक्कड़ नाटक किया। यह कार्यक्रम दुर्ग राजेन्द्र पार्क में आयोजित फ्लोवर शो में किया गया। इस मौक़े पर भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कन्या संयोजिका सस्कृति वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष किरन सिंह, संध्या सिंह चंदेल, रिंकी सिंह, संध्या सिंह, रचना सिंह, अनीता सिंह, प्रभा सिंह, अंजली बिसेन, रेखा जूथिका, सुषमा सिंह, दिलीप सिंह, कविता सिंह, अनीमा सिंह, सुनीता मुर्कुटे उपस्थिथ थे। जिला अध्यक्ष ललिता सिंह के अनुसार एक्सीडेंट का असर पूरे परिवार पर पड़ता है। इसलिए संस्था का यह कैम्पेन आगे भी जारी रहेगा।

## डॉ. मनोज ठाकरे एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नियुक्त



**भिलाई।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, महामंत्री डॉ. नवीन मार्कंडेय, एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक दिनेश सिंह की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की सहमति से मनोज ठाकरे को एनजीओ प्रकोष्ठ का जिला संयोजक बनाया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत क्षीरसागर ने बताया प्रदेश संगठन ने मनोज ठाकरे को भिलाई जिला भाजपा में लंबे समय से कार्य करने के बाद अब उनकी सक्रिय भूमिका दुर्ग जिले भाजपा के लिए एनजीओ प्रकोष्ठ का अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। ठाकरे ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में देश और राज्य तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने संगठन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। दीपक मिश्रा, योगेंद्र सिंह, धीरज चंद्राकर, राजेंद्र अरझरे, पार्षद शीला नरखेड, सविता डवस, प्रकाश अर्जुनवार, सीएल सोनवानी, डॉ. अरुण शुक्ला सहित अन्य ने शुभकामनाएं दी है।

## लैंगिक समानता के राजदूत के रूप में संकाय सदस्यों का उन्नयन विषय पर व्याख्यान

# पर्यावरण संरक्षण, नशा उन्मूलन, बेटा-बेटी में समानता और आत्मनिर्भरता वर्तमान समय की जरूरत : फूलबासन

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में 18 से 24 फरवरी तक फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम संकाय उन्नयन कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिसका मुख्य विषय लैंगिक समानता के राजदूत के रूप में संकाय सदस्यों का उन्नयन है। इस अवसर पर पद्मश्री फुलबासन बाई यादव का सम्मान किया गया। फुलबासन बाई यादव ने कहा कि महिलाओं को सशक्त करने एवं उनका मनोबल बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। छात्राओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, नशा उन्मूलन, बेटा-बेटी में समानता, आत्मनिर्भरता आदि पर अपने विचार व्यक्त किए।







**लैंगिक समानता एक स्वस्थ समाज की नींव :** प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि लैंगिक समानता एक स्वस्थ और प्रगतिशील समाज की नींव है। समाज में प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर व सम्मान मिलेगा, तभी वास्तविक विकास होगा, हमें शिक्षा द्वारा समाज की प्रत्येक इकाई तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर अल्का बाघमारने कहा- कि लैंगिक समानता का उद्धेश्य है कि उन बाधाओं को दूर करना जो महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक अवसरों तक पहुंचने से रोकती हैं। विशिष्ट अतिथि प्रीति साहू ने भी संबोधित किया।

### तनाव प्रबंधन पुस्तक का विमोचन

मुख्य वक्ता डॉ. प्रीति शर्मा, प्राचार्य शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय, बीरगांव, रायपुर के व्यक्तव्य का विषय अकादमिक क्षेत्र में लैंगिक भूमिका रूढ़ियां एवं पूर्वाग्रह को समझना' पर व्याख्यान देते हुए कहा कि आज के युग में लैंगिक समानता अत्यंत आवश्यक है। सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक विकास, लैंगिक समानता पर निर्भर हैं, क्योंकि समान शिक्षा का अधिकार समाज में जागरुकता व आत्मनिर्भरता बढ़ाता है। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश की पुस्तक तनाव प्रबंधन का विमोचन हुआ तथा इस कार्यक्रम का महत्व बताते हुए कहा कि लैंगिक समानता रूढ़ियों को तोड़कर पुरुषों और महिलाओं दोनों को अपनी क्षमता का पूरी तरह से एहसास करने की अनुमति देता है। यह केवल महिलाओं का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह एक न्यायपूर्ण, समृद्ध और समावेशी भविष्य के लिए एक आवश्यक निवेश है। समस्त अतिथियों का परिचय डॉ. सुषमा यादव ने दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. मीरा गुप्ता, डॉ. केएल राठी, डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, अतिथि व्याख्याता, कर्मचारीगण एवं महाविद्यालय की छात्राऐं उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिलिंद अमृतफले व आभार प्रदर्शन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### नेशनल के लिए तैयार हो रही छत्तीसगढ़ की वॉलीबॉल टीम



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य वालीबाल संघ द्वारा प्रथम सब जूनियर बालक एवं बालिका वॉलीबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन रायपुर में 14 एवं 15 फरवरी को सप्रे स्कूल के मैदान में किया गया। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 11 जिलों के खिलाड़ियों तथा महिला वर्ग में 6 जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। चैम्पियनशिप के उपरांत छत्तीसगढ़ राज्य की टीमें 24 फरवरी से 01 मार्च तक हुगली ;पश्चिम बंगाल में आयोजित 46वीं सब जूनियर नेशनल वालीबाल चैम्पियनशिप में भाग लेंगी।

नेशनल चैम्पियनशिप की तैयारी हेतु प्रथम सब जूनियर राज्य चैम्पियनशिप में चयनित बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर रायपुर में 17 फरवरी से सप्रे स्कूल के वॉलीबॉल मैदान पर लगाया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों के सब जूनियर बालक एवं बालिका वॉलीबॉल खिलाडी भाग ले रहे हैं। इनमें रिंकी धीमान, दिलेश्वरी पाल (साई ट्रेनिंग सेन्टर रायपुर), रूचिका सार्वा, हेमन्द्री यादव, वसुन्धरा त्रिपाठी (रायपुर), आरूषि सिंह, करिश्मा खोबरागड़े, आयुषी सिंह,प्रियल,गुरलिन कौर 11 मानया चौहान 12 भाव्या (दुर्ग जिला) 13 कोशी कवासी 14 प्रियंका नाग 15 सोनिया कवासी (दंतेवाडा) 16 करिश्मा पाल (बलौदाबाजार) 17 रितिका लहरे 18 हरशु श्रीवास्तव 19 नाव्या (कोरबा) 20 अनन्या, राजवीर कौर (बी.एस.पी.), मुख्य कोच श्रीकांत मोदी दंतेवाड़ा, सहायक कोच प्रियेश बागी, मैनेजर सरिता यादव शामिल हैं। इसी तरह बालक वर्ग में लाकेश पाल,विक्रम पाल, कीर्तेश पाल (रायपुर), लकी, जिज्ञांश साहू,अब्दुल अयान,विनय (बिलासपुर), परमीत सिंह, बी. हर्ष शेखर, अरसलानुद्दीन, एम शशांक (बी.एस.पी.), मुकेश साहू, पाथिबन (दुर्ग), हर्षित मंडावी, इशान, रेहान खान (कवर्धा), अंकित बंजारे (कोरबा), एम शंशाक, कान्हा (राजनांदगांव), समारू (दंतेवाडा), साहित्या कुरूं (साई ट्रेनिंग सेन्टर), मुख्य कोच अजीत कुट्टन, रायपुर, सहायक कोच मोहन नायर, बिलासपुर मैनजर सुशील गर्ग कोरबा शामिल हैं। प्रशिक्षण उपरांत अंतिम 14-14 खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें 46वीं सब जूनियर नेशनल चैम्पियनशिप में भाग लेने हेतु हुगली पश्चिम बंगाल रवाना किया जाएगा।

### वेस्ट जोन सॉफ्टबॉल खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक



**रायपुर।** सॉफ्टबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में वेस्ट जोन राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल पुरुष/महिला प्रतियोगिता का आयोजन मध्यप्रदेश के उज्जैन में 09 से 11 फरवरी तक किया गया। प्रतियोगिता में कवर्धा की प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी से पुरुष वर्ग में भूपेंद्र गढ़े, पिंटू सिन्हा और कलेश्वर निर्मलकर सहित तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ था।

जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ टीम को स्वर्ण पदक जीताने में अहम योगदान दिया। अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि अकेडमी के खिलाड़्यिों का प्रत्येक वर्ष बेसबॉल और सॉफ्टबॉल खेल में अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर चयन होता रहा है, साथ में पदक लगाकर प्रदेश व जिले का नाम रोशन करते आ रहे है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, एकेडमी के अध्यक्ष गणेश तिवारी, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, नरेंद्र मानिकपुरी निज सहायक, गजराज सिंह ठाकुर निज सहायक, अकेडमी के संस्थापक राजा पीयूष टाटीया, पार्षद दीपक सिन्हा, अशोका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन पवन देवांगन, अतुल देशलहरा, दिनेश वर्गीस और श्याम चकोर आदि ने बधाई दी है। छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील मिश्रा, महासचिव ओपी शर्मा, जसपाल सिंह, मृत्युंजय शर्मा एवं प्रशिक्षक ने इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई दी। चैंपियनशिप जीतने के बाद बिलासपुर में महिला एवं पुरुष टीम का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुशील मिश्रा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल संघ, अमरनाथ सिंह महासचिव छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ, हेमंत सिंह परिहार, यशु जायसवाल, अख्तर खान, मुकेश कश्यप, टी रमेश बाबू, विनय सिंह आदि उपस्थित थे।

### खिलाड़ियों का दल मिला विधानसभा अध्यक्ष से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पदक विजेता एवं अवॉर्डी खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से भी उनके रायपुर निवास में खिलाड़यिों के दल ने मिलकर लंबित उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषणा एवं राज्य खेल अलंकरण समारोह को पुनः खिलाड़ियों को जल्द से जल्द प्रदान करते हुए सम्मानित करने का निवेदन किया गया जिसमें उनके द्वारा आश्वस्त किया गया है।

### प्रोटीन की भूमिका आम धारणा से अलग

# प्रोटीन सिर्फ आपके मसल्स बढ़ाने में ही मदद नहीं करता बल्कि इसकी और भी हैं जिम्मेदारियां

हम सभी प्रोटीन के बारे में जानते हैं। प्रोटीन मसल्स, स्किन, बालों और नाखूनों के साथ-साथ एंटीबॉडीज, हार्मोन और सेलुलर स्ट्रक्चर्स का एक महत्वपूर्ण कंपोनेंट है। विज्ञान यह कहता है कि कोई भी व्यक्ति यह सुनिश्चित नहीं कर सकता कि वो कितना कार्बोहाइड्रेट कंज्यूम सकता है। इस मामले में प्रोटीन सबसे आम मैक्रोन्यूट्रिएंट के रूप में सामने आता है।

हम में से ज्यादातर लोग जानते हैं कि प्रोटीन केवल मसल्स के डेवलपमेंट में मदद करता है। हमारा शरीर प्रोटीन को अमीनो एसिड में तोड़ देता है और मसल्स के रिस्टोरेशन और रिकंसट्रक्शन के लिए अमीनो एसिड का उपयोग करता है। लेकिन कई लोगों का यह मानना है कि प्रोटीन सिर्फ मसल्स के निर्माण से ज्यादा कुछ नहीं करता है। प्रोटीन तीन प्राइमरी फूड ग्रुप्स में से एक है और अमीनो एसिड से बना है, जो ₹बिल्डिंग ब्लॉक्सर₹ सेल्स के रूप में काम करता है। इन सेल्स को अपने विस्तार और मरम्मत के लिए प्रोटीन की आवश्यकता होती है।

अपनी डाइट में प्रोटीन जोड़ने के कुछ नैचुरल सोर्स भी हैं। मछली, मुर्गी, अंडे, फलियां और डेयरी प्रोडक्ट जैसे खाद्य पदार्थ प्रोटीन से भरे होते हैं और इन्हें हम



अपनी डेली डाइट में शामिल कर सकते हैं।मसल्स के डेवलपमेंट में प्रोटीन कैसे मदद करता है?

प्रोटीन मसल्स के लिए बेहद फायदेमंद है। यह महत्वपूर्ण घटक आपके शरीर ये जुड़े सभी दैनिक कार्यों और उपयोगों के लिए आवश्यक है। आपको कितनी मात्रा में प्रोटीन का सेवन करना चाहिए या नहीं करना चाहिए, इस बारे में मिथकों और धारणाओं के बावजूद, आपको अपने प्रोटीन इनटेक का बाकी न्यूट्रिशनल इनटेक के साथ मिलान करना महत्वपूर्ण है। बहुत से लोग प्रोटीन को मसल्स मास के साथ भी जोड़ते हैं। प्रोटीन और अमीनो एसिड आपके शरीर में मसल्स के टिश्यूज का निर्माण करते हैं। साधारण भाषा में कहें तो यदि आपकी मसल्स एक इमारत हैं, तो ईंटें प्रोटीन हैं। आपका शरीर कई प्रकार के अमीनो एसिड का निर्माण करता है। लेकिन 9 अन्य आवश्यक अमीनो एसिड भी होते हैं और उनका निर्माण शरीर में नहीं होता है। बीन्स, नट्स और सोया जैसे फूड प्रोडक्ट्स से आपको ईएए मिलता है। मिश्रित अमीनो एसिड युक्त डाइट मसल्स के प्रोटीन के उत्पादन को अधिकतम करने में मदद कर सकती है।

ल्यूसीन नामक अमीनो एसिड कई एनाबॉलिक (मांसपेशियों के निर्माण) प्रक्रियाओं के लिए जिम्मेदार है। इसे ₹ल्यूसीन ट्रिगर सिद्धांत₹ के रूप में जाना जाता है, क्योंकि उचित मात्रा में ल्यूसीन लेना मसल्स के प्रोटीन प्रोसेस को ट्रिगर करता है।



मसल्स के निर्माण में प्रोटीन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि अमीनो एसिड (प्रोटीन बिल्डिंग ब्लॉक्स) मसल्स के टिश्यूज के पुनर्निर्माण और बनाए रखने में मदद करते हैं। वर्कआउट के बाद प्रोटीन आपको एक्सरसाइज से ठीक होने में मदद करता है, क्योंकि एक्सरसाइज के दौरान मसल्स थोड़ी फट जाती हैं। लेकिन आपके लिए यह जानना भी आवश्यक है कि केवल ज्यादा प्रोटीन खाने का मतलब यह नहीं है कि आप मसल्स को जोड़ने जा रहे हैं। आपको एक्सरसाइज और वेट ट्रेनिंग के साथ-साथ फलों, सब्जियों और कार्बोहाइड्रेट वाली स्वस्थ और संतुलित डाइट की



आवश्यकता होती है। आपको कुछ जबरदस्त प्रोटीन रिच स्नैक्स के बारे में जानना चाहिए। जिनमें राइस केक और पीनट बटर, राइस केक आपको एनर्जी देता है, जबकि पीनट बटर आपका पेट भरा हुआ रखने और प्रोटीन प्रदान करने का काम करता है।

#### दही और केला

ग्रीक योगर्ट में सामान्य दही की तुलना में अधिक प्रोटीन होता है। अपने प्री-वर्कआउट से पहले आप इस स्नैक को ट्राई कर सकते हैं।

#### अंडे के साथ कुछ भी

अंडे सिर्फ नाश्ते के लिए ही नहीं, दिन में किसी भी समय खाने के लिए भी ये बहुत अच्छे होते हैं। इनमें सभी महत्वपूर्ण अमीनो एसिड होते हैं, जो आपके शरीर को डाइट के माध्यम से प्राप्त करने की आवश्यकता होती है।

## छत्तीसगढ़ महिला टीम ने रचा इतिहास, सभी सात लीग मैच जीते

**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा सीनियर वुमेंस वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 06 फरवरी से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का सातवां मैच बुधवार को बडौदरा में बंगाल टीम के विरुद्ध खेला गया। इस मैच में बंगाल को 5 विकेट से हराकर छत्तीसगढ़ ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ महिला टीम ने इतिहास रचते हुए सभी सात लीग मैच जीत लिए हैं। बुधवार को छत्तीसगढ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बंगाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुये

- बंगाल को 5 विकेट से हराकर क्वाटर फाइनल में किया प्रवेश

निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 197 रन बनाये। बंगाल की ओर से मीता पॉल ने 76 रन तथा टी सरकार ने 34 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त सुजाता डे ने 24 रन तथा प्रतिवा ने 21 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से महक नरवसे ने 3 विकेट, प्रीति यादव तथा श्रेया श्रीवास ने 2-2 विकेट प्राप्त किए।

198 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम ने 48.3 ओवरों में 5 विकेट खोकर 198 रन बनाकर मैच जीत लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से



कृति गुप्ता | महक नरवसे

कप्तान कृति गुप्ता ने 54 रन नाबाद तथा महक नरवसे ने 42 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त शिल्पा साहु ने 26 रन तथा कुमुद साहु ने 22 रनों का योगदान दिया। बंगाल की ओर से बिदिशा डे ने 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 5 विकेट से जीत लिया। महक नरवसे प्लेयर ऑफ द मैच बनीं। टीम 22 फरवरी को हिमाचल प्रदेश से क्वार्टर फायनल मैच खेलेगी।



## सीप की चूड़ी पहनने से हो सकते हैं ये लाभ, ज्योतिष से जानें



16 श्रृंगार में चूड़ियां बेहद महत्वपूर्ण होता है। इसे सुहाग का प्रतीक माना जाता है। इससे महिलाओं के हाथों की खूबसूरती भी बढ़ती है। सनातन धर्म में सुहागिन महिलाओं के द्वारा किए जाने वाले श्रृंगार में सिंदूर, पायल, बिछिया और मंगलसूत्र आदि के साथ हाथों में कांच की चूड़ियां पहनना भी बेहद अहम माना जाता है। हाथों में चूड़ी पहनने की परंपरा वैदिक काल से चली आ रही है। वहीं हिंदू धर्म में देवियों की मूर्तियों में उन्हें चुड़ी पहने हुए ही दर्शाया गया है, लेकिन क्या आप जानते हैं आखिर सुहागिन महिलाओं को चूड़ियां पहनना इतना जरूरी क्यों माना जाता है। खासकर सीप की चूड़ियां क्यों शुभ मानी जाती है। ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

#### सीप की चूड़ी पहनने के लाभ

सीप की चूड़ी का संबंध माता लक्ष्मी (मां लक्ष्मी मंत्र) है। सीप धन की देवी माता लक्ष्मी का प्रतीक है। इसे पहनने से पति को कभी आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ता है और महिलाओं का चंद्र (चंद्र दोष उपाय) ग्रह मजबूत होता है। साथ ही जिस भी घर में महिलाएं सीप की चूड़ियां पहनती हैं, उस घर में कभी भी आर्थिक परेशानियां नहीं आती है। शुभ फलों की प्रारप्ति होती है। इसलिए सीप की चूड़ियां खासकर पहनना चाहिए।

#### सुहाग का प्रतीक है चूड़ियां

सुहागिन महिलाओं को चूड़ियां अवश्य पहनना चाहिए। इससे पति की आयु बढ़ती है। इसे 16 श्रृंगार में से एक माना जाता है। यही कारण है कि मां दुर्गा को श्रृंगार के सामान चढ़ाएं जाते हैं।



## घर में हैं बुजुर्ग तो उनसे रिश्ता मजबूत करें खास पकवान से

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है, वैसे-वैसे हमारे शरीर में भी काफी परिवर्तन होते हैं। इन परिवर्तनों की वजह से शरीर में अलग तरह के पोषक तत्वों की जरूरत पड़ती है। खासतौर पर जब कोई बुजुर्ग हो जाता है, तो उनके खाने का ध्यान घर वालों को ही रखना पड़ता है। शायद ही कोई घर ऐसा होगा, जिसमें बुजुर्ग ना रहते हों। जिस प्रकार से जब घर में कोई बच्चा आता है, तो उसका ध्यान रखना पड़ता है, ठीक उसी प्रकार से घर के बुजुर्गों का भी काफी खास ध्यान रखना पड़ता है। उम्र बढ़ने के साथ दांत कमजोर होने लगते हैं, जिस वजह से बुजुर्गों आप कुछ भी खाने को नहीं दे सकते। उन्हें वही चीजें खाने को दी जाती हैं, जिसे वो सही तरह से चबा लें। कई बार हेल्दी चीजें देने के चक्कर मे हम उनके स्वाद के बारे में भूल जाते हैं। इसीलिए आज के लेख में हम आपको कुछ स्वादिष्ट पकवानों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे आप अपने घर के बड़ों को दे सकते हैं।

**दलिया:** दलिया एक ऐसी चीज है, जिसे आप नाश्ते



और खाने दोनों समय खा सकते हैं। ऐसे में आप चाहें तो नाश्ते में अपने घर के बुजुर्गों के लिए दूध और दलिया तैयार कर सकते हैं। अगर खाने में उनका दलिया खाने का मन है तो आप उन्हें नमकीन दलिया बनाकर खिला सकते हैं।

**टमाटर का सूप:** बुजुर्गों को ऐसी चीजें काफी पसंद आती हैं, जिसे उन्हें चबाना ना पड़े। ऐसे में आप अपने परिवार के बुजुर्गों को टमाटर या मिक्स वेजिटेबल का सूप तैयार करके परोस सकते हैं। ध्यान रखें कि ये ज्यादा तीखा ना हो, वरना उन्हें पेट की समस्या हो सकती है।

**चीला:** चीला खाने में काफी नरम और स्वादिष्ट होता है। ऐसे में मूंग दाल का चीला आप उन्हें बनाकर खिला सकते हैं। इसे उनकी पसंदीदा चटनी के साथ ही परोसें। ताकि उनका मन भी भर जाए।

**इडली:** साउथ इंडियन खाना हर किसी को पसंद आता है। ऐसे में आप भी अपने घर के बुजुर्गों को स्वादिष्ट इडली बनाकर खिला सकते हैं। अगर उन्हें चटाकेदार खाना पसंद है, तो आप इसे फ्राई भी करके उन्हें परोस सकते हैं।

**ढोकला:** ये काफी मुलायम होता है और इसे बनाना भी काफी आसान होता है। ऐसे में आप अपने घर के बड़ों को हरी चटनी के साथ ढोकला परोस सकते हैं।



कार्नर न्यूज

### डॉक्टर बोले- अपनाएंगे उपाय तो 40 फीसदी तक कम कर सकते हैं जोखिम

# क्यों दगा दे रहा नौजवानों का दिल, हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों ने चिंता बढ़ा दी है समाज की

हृदय रोगों के मामले पिछले कुछ वर्षों में काफी तेजी से बढ़े हैं, आश्चर्यजनक रूप कम उम्र के लोग न सिर्फ इसके शिकार हो रहे हैं, साथ ही मौत का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। कुछ शोध बताते हैं कि कोरोना महामारी के बाद से हार्ट अटैक का जोखिम और भी बढ़ गया है, ये वायरस हृदय स्वास्थ्य को भी गंभीर तौर पर क्षति पहुंचाते हुए देखा गया है। इसके अलावा लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण हृदय रोगों की समस्याओं का खतरा और भी अधिक बढ़ सकता है। ऐसे में जरूरी है कि सभी लोग हार्ट का ध्यान रखें और इसे स्वस्थ बनाए रखने के लिए उपाय करते रहें। हृदय रोग विशेषज्ञों का कहना है कि जीवनशैली को ठीक रखकर आप हृदय की गंभीर समस्याओं के जोखिम को कम कर सकते हैं। भले ही आप अभी स्वस्थ हैं पर सुरक्षात्मक उपाय करके भविष्य में होने वाली समस्याओं के खतरे से बचाव करते रहना जरूरी है। आइए जानते हैं कि किन उपायों की मदद से हार्ट अटैक से बचाव किया जा सकता है?

#### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

पुणे स्थित कार्डियोलॉजिस्ट डॉ एम.आर.खान कहते हैं, कई कारक हैं जो



हृदय की सेहत को क्षति पहुंचा रहे हैं। बड़ी संख्या में युवाओं में ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की दिक्कत भी देखी जा रही है जिससे हृदय को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचता है। धूम्रपान और शराब के अधिक सेवन के कारण भी हार्ट अटैक का खतरा हो सकता है।

इस बड़े जोखिम से बचाव के लिए लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करना लाभकारी हो सकता है। कम उम्र से ही सभी लोगों को इन सावधानियों के बारे में ध्यान रखना चाहिए। हृदय के साथ संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए भी आहार का ध्यान रखना जरूरी है। पोषक तत्व धमनियों के साथ हृदय को स्वस्थ रखने में मददगार माने जाते हैं। फलों-सब्जियों से भरपूर आहार, साबुत अनाज, लीन प्रोटीन और स्वस्थ वसा से भरपूर आहार खाने से कोलेस्ट्रॉल कम करने और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है। ये हृदय की सेहत को भी ठीक बनाए रखने में सहायक है। इसके साथ प्रोसेस्ड आहार, नमक और चीनी वाली चीजों का सेवन कम करना भी जरूरी है। नियमित व्यायाम और शारीरिक गतिविधि आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने में सहायक है। रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने और स्वस्थ वजन बनाए रखने में भी इससे मदद मिल सकती है। प्रत्येक सप्ताह कम से कम 150 मिनट तक व्यायाम का लक्ष्य रखें। तेज चलना, साइकिलिंग या तैराकी जैसे अभ्यास को भी दिनचर्या में शामिल करके हृदय स्वास्थ्य को ठीक रखने और क्रोनिक बीमारियों के खतरे को कम करने में लाभ मिल सकता है।

#### धूम्रपान और शराब को कहें न


धूम्रपान और शराब, दो ऐसी आदतें हैं जिससे सेहत पर कई प्रकार से नकारात्मक असर हो सकता है। इससे न सिर्फ कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम रहता है साथ ही ये हृदय की समस्याओं का भी प्रमुख कारण हो सकती है। इन दोनों आदतों से दूरी बनाकर हृदय रोगों को खतरे को 40 फीसदी तक कम किया जा सकता है। धूम्रपान से सबसे ज्यादा नुकसान धमनियों को होता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'सबसे ज्यादा कमाई' करने वाली अरबपति एक्ट्रेस सल्डासना ने रच दिया इतिहास



'अवतार' की नेत्री और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की गमोरा ने नया इतिहास रचा है। जी हां, इन दोनों किरदारों को निभाने वाली जोई सल्डावना अब हॉलीवुड की सबसे अधिक कमाई करने वाली एक्टर बन गई हैं। उन्होंने स्कानरलेट जोहानसन को पछाड़कर यह मुकाम पाया है। इसी के साथ उन्होंने एमसीयू की अपनी को-स्टार स्कारलेट जोहानसन का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 47 साल की जोई को यह उपलब्धि उनकी हालिया ब्लॉकबस्टर 'अवतारः फायर एंड ऐश' के कारण मिली है। जेम्सा कैमरून की इस फिल्म ने एक्ट्रेस के पूरे करियर के ग्लोबल बॉक्स ऑफिस कमाई को $16.8 बिलियन यानी 151530 करोड़ रुपये के पार पहुंचा दिया है। साल 1999 में 'लॉ एंड ऑर्डर' टीवी सीरज से एक्टिंग करियर शुरू करने वाली जोई को अब तक 1 ऑस्कबर अवॉर्ड, एक बाफ्टा अवॉर्ड, एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड, एक एसओजी अवॉर्ड और एक कान फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड मिल चुके हैं। वह 'टाइम' मैगजीन की 2023 की दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में जगह बना चुकी हैं।

इस उपलब्धि ने जोई सल्डाना को हॉलीवुड की सबसे भरोसेमंद स्टार बना दिया है। उनके करियर में मुख्य रूप से तीन बड़ी फ्रेंचाइजी- अवतार, गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी और स्टार ट्रेक, ने अहम भूमिका निभाई है। उनका पूरा नाम जोई यादिरा सल्डाना नाजारियो है। 19 जून 1978 को पासैक, न्यू जर्सी में वह पैदा हुई हैं। उनके पिता अरिडियो सल्डाना, डोमिनिकन थे और मां असालिया नाजारियो, प्यूर्टो रिकन हैं। तीन बच्चों की मां जोई सल्डाना ने साल 2013 में इटली के आर्टिस्टन मार्को पेरेगो से शादी की। वह इससे पहले ब्रैडली कूपर को डेट कर चुकी हैं।

### टॉलीवुड

## यश की 'टॉक्सिक' पर एक और विवाद, पेड़ों की अवैध कटाई का लगा आरोप



यश की 'टॉक्सिक' रिलीज से पहले एक और पुराने विवाद में उलझती दिख रही है। टीजर पर मचे शोर के बीच अब रेडिट पर 2024 का पुराना केस फिर से सामने आया है, जिसमें फिल्म की शूटिंग के लिए जंगल की जमीन पर अवैध कटाई के आरोप लगे थे और एफआईआर भी दर्ज हुई थी। केजीएफ फेम यश की नई फिल्म 'टॉक्सिक' एक ओर जहां 19 मार्च 2026 को रिलीज होने वाली है, वहीं इस गैंगस्टवर एक्शीन-थ्रिलर पर विवादों का साया मंडरा रहा है। एक तो यह फिल्मै पहले ही टीजर रिलीज के बाद 'अश्लीललता' को लेकर राज्य महिला आयोग और दर्शकों के निशाने पर है, वहीं अब इससे एक और नया विवाद जुड़ गया है। दरअसल, यह विवाद फिल्मो से अधकि इसे बनाने वाले केवीएन प्रोडक्शंस को लेकर है, जिन पर बेंगलुरु में जंगल की जमीन पर सेट बनाने के लिए बड़ी संख्याम में पेड़ों को काटने का अरोप है। इस बाबत कर्नाटक वन विभाग ने दो साल पहले 2024 में ही मेकर्स के खलिाफ एक एफआईआर दर्ज की थी। अब गाहे-बगाहे यह पुराना मामाल फिर से Reddit पर उछला है। केवीएन प्रोडक्शंस वही कंपनी है, जिसने थलपति विजय की फिल्म 'जन नायकन' की भी प्रोड्यूस किया है। यह पहले से ही थलपति की फिल्म को लेकर कानूनी झमेले में फंसी हुई है। इस मामले में एक नया ट्विवेस्ट आया है। प्रोडक्शफन कंपनी ने सेंसर बोर्ड के खिलाफ अपना केस वापस लेने का फैसला किया है और इसे हाई कोर्ट ने भी मंजूरी दे दी है।

बहरहाल, वापस 'टॉक्सिक' पर लौटते हैं। कुछ यूजर्स ने 2024 के मामले को फिर से उछाला है, जिसमें मेकर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

### भोजपुरी

## पवन को खेसारी का जवाब, कहा- उनसे मेरा घर नहीं चलता



भोजपुरी फिल्मों के दो टॉप एक्टर्स पवन सिंह और खेसारी लाल यादव के बीच जुबानी जंग लगातार आगे बढ़ रही है। खेसारी लाल यादव ने बातचीत करते हुए एक्टर पवन सिंह के उस बयान पर रिएक्शन दिया है जिसमें एक्टर और सिंगर ने उनसे कभी नहीं मिलना चाहेंगे। इस पर खेसारी ने शांति से जवाब देते हुए कहा, 'हमारा किसी पर जोर नहीं है। अगर किसी को नहीं मिलना है तो वह नहीं मिलेगा।' उन्होंने कहा, 'अगर कोई नहीं मिलना चाहता है तो वह उनकी पर्सनल राय है। ठीक है, अगर वे मुझसे नहीं मिलना चाहते हैं तो कोई बात नहीं। हर कोई अपनी जिंदगी में आजाद है। वे किसी से मिले या न मिलें।' एक्टर ने यह भी कहा कि पवन सिंह के मिलने से न उनका घर चलता है और न ही उनके मिलने से मेरा घर चलता है। हम दोनों ही कड़ी मेहनत से आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा, 'हम दोनों की इमेज लोगों के दिलों में हैं, क्योंकि हम बेहतर काम करते हैं, इसीलिए हम आगे बढ़ते हैं। एक कलाकार के तौर पर मुझे लगता है कि यह चीज होती रहती है। इस पर और बात करने की जरूरत नहीं है।' खेसारी ने याद दिलाते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा ही पवन सिंह का साथ दिया है। उन्होंने कहा, 'मैं उन्हें हमेशा से ही बड़ा भाई मानता आया हूं। चाहे चुनाव हो या कोई मुद्दा, मैंने परिवार की तरह उनका साथ दिया, लेकिन अब पवन सिंह की मर्जी है कि वे मिलें या नहीं।' आईएएनएस ने पूछा कि पवन सिंह ने कहा था कि आपका गाना अंतरिक्ष में बजेगा?




पारंपरिक सफ़ेद वेडिंग ड्रेस लंबे समय से ब्राइडल फैशन का मुख्य आकर्षण रही है, लेकिन अब इसमें एक बड़ा बदलाव आ रहा है। ब्लैक वेडिंग ड्रेस, जिन्हें कभी गैर-पारंपरिक माना जाता था, अब सुर्खियों में आ गई हैं, और आधुनिक रोमांस का एक शक्तिशाली प्रतीक बन गई हैं। 2026 से ज़्यादा से ज़्यादा दुल्हनें, दूल्हे और जोड़े ब्लैक कपड़ों की सुंदरता और खासियत को अपना रहे हैं। यह एक ग्लोबल मूवमेंट है, जिसकी यूके, यूएस और भारत में अच्छी-खासी मौजूदगी है।

## जानिए फाउंडेशन लगाने का सही तरीका

अगर आपका मेकअप भी केकी दिखने लगता है, तो मतलब आप फाउंडेशन गलत तरीके से अप्लाई कर रही हैं। आइए ऐसे एग्जेक्ट स्टेप्स जानें जिसके बाद फाउंडेशन से आपको एक अच्छा फिनिश मिलेगी। कई बार इससे चेहरा पूरा सफेद नजर आने लगता है, इसलिए जरूरी है कि आपको फाउंडेशन अप्लाई करने की स्किल्स पता हों। फाउंडेशन लगाने के प्रोसेस को आसान बनाने के लिए, हम ऐसी तकनीक लेकर आए हैं, जो आपको एक नेचुरल फिनिश देने में मदद करेंगे।

### स्टेप 1: चेहरे को करें साफ

सुबह मेकअप करने से पहले एक बात का ध्यान रखें कि आपका चेहरा अच्छी तरह से साफ होना चाहिए। फाउंडेशन लगाने से पहले किसी भी तरह की गंदगी रह जाना न त्वचा के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है और न ही मेकअप के लिए। रात को सोने से पहले भी अपने चेहरे को ढंग से धोएं। इससे सुबह के समय चेहरा फिर अच्छे से साफ करने की आवश्यकता कम होती है। ध्यान रखें कि आपकी त्वचा ऑयल-फ्री होनी चाहिए।

### स्टेप 2: स्किन को पहले करें प्रेप



फाउंडेशन फ्लेकी या केकी दिखने का एक कारण यह है कि आप स्किन प्रेप में लापरवाही करती हैं। क्लींजिंग के बाद, त्वचा को मॉइश्चराइजर से मसाज करना सबसे ज्यादा जरूरी है। हैवी मैट फाउंडेशन भी आपको एक सॉफ्ट और नेचुरल लुक दे सकता है, लेकिन जरूरी है कि आपकी त्वचा मॉइश्चराइज्ड और हाइड्रेटेड हो।

### स्टेप 3: सही फाउंडेशन चुनें और लगाएं

गलत शेड का फाउंडेशन केकी नहीं लगेगा, लेकिन यह आपके टोन एकदम डल या फिर बहुत ब्राइट कर देगा। ऐसा फाउंडेशन खरीदें जो क्रीमी, मीडियम-कवरेज वाला हो और आपकी त्वचा के प्रकार और रंग से मेल खाता हो। इसके बाद हथेली में 2 पंप फाउंडेशन के लेकर ब्रश से अपनी त्वचा पर डैब करें। अपने चेहरे के सेंटर से शुरुआत करें और बाहर की तरफ से इसे ब्लेंड करें।

### स्टेप 4: ब्लेंड करें फाउंडेशन

फाउंडेशन को ब्लेंड करने के लिए एक स्पंज को हल्का गीला कर लें और फिर डैब करके त्वचा पर ब्लेंड करें। फाउंडेशन को कभी भी स्मज या स्वाइप न करें। अपनी नाक और आंखों के आसपास फाउंडेशन लगाते समय स्पंज की नोक का उपयोग करें।

### स्टेप 5: कंसीलर से चेहरे पर पाएं फुल कवरेज

दाग-धब्बों, मुंहासों के निशान या लालिमा को छिपाने और फुल कवरेज के लिए कंसीलर (सही कंसीलर कैसे चुनें) लगाएं। फाउंडेशन लगाने के बाद, अपनी रिंग फिंगर पर कंसीलर लेकर उन दागों को छिपाएं और फिर स्पंज की मदद से उसे भी ब्लेंड करें।

## आपके लुक्स को खास बनाएंगे कुर्ती के साथ ये दुपट्टा डिजाइंस







किसी खास मौके पर अगर आप कुर्ती पहनना पसंद करती हैं तो ऐसे में इस लुक को आप अलग-अलग डिजाइंस के कलरफुल दुपट्टों के साथ कंप्लीट कर सकती हैं। इससे आपको बेहद आकर्षक लुक मिल सकता है। सूट के साथ दुपट्टे का सही चुनाव करना बहुत जरूरी है। अगर आप अपनी बॉडी टाइप और लेटेस्ट ट्रेंड के हिसाब से दुपट्टे को कुर्ती के साथ पहनेंगी, तो आपा एथनिक लुक और खास लगेगा। खास मौके पर कपड़ों का चुनाव करते वक्त भी ज्यादातर लड़कियां, अलग-अलग कलर्स को आउटफिट्स में उतारने की कोशिश करती हैं। ऐसे में यहां दुपट्टे के कुछ ऐसे डिजाइंस के बारे में जानिए जो काफी कलरफुल हैं, आपकी व्हाइट कुर्ती के साथ परफेक्टली मैच करेंगे और आपके एथनिक लुक को खास बनाएंगे।

### ग्रीन बांधनी दुपट्टा

अगर आप हैवी दुपट्टा लेना पसंद नहीं करती हैं, तो इस बांधनी दुपट्टे को पहन सकती हैं। यह लाइट वेट होता है और इसे कैरी करना भी आसान होता है। इसे आप ओरेंज और व्हाइट कुर्ती के साथ पहन सकती हैं। यह काफी अच्छी लगेगा। आपको इस तरह के दुपट्टे मार्केट में 200-500 रूपये में आसानी से मिल जाएंगे। वहीं, आप प्लेन दुपट्टे पर डाई भी करवा सकती हैं। इसमें आप अपनी पसंद की गोटापट्टी भी लगवा सकती हैं।
स्टाइल टिप- इसके साथ आप सिल्वर ज्वैलरी पहन सकती हैं। सिल्वर झुमकी और चूड़ियों के साथ आप परफेक्ट लुक पा सकती हैं। इस लुक में आप मल्टीकलर चूड़ियां भी पहन सकती हैं।

### फुलकारी दुपट्टा

फुलकारी दुपट्टे, प्लेन कुर्ती के साथ बहुत अच्छे लगते हैं। आप व्हाइट स्लीवलेस कुर्ती के साथ इस दुपट्टे को पहन सकती हैं। अगर आपके कंधे चौड़ें हैं तो आप फुल स्लीव्स भी पहन सकती हैं।

## डैमेज बालों को हेल्दी बनाने में मदद करेंगे ये घरेलू नुस्खे



बालों की देखभाल करने के लिए घरेलू चीजों का इस्तेमाल करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि बाहर मिलने वाले प्रोडक्ट्स में कई तरह के केमिकल मौजूद होते हैं, जो बालों के लिए नुकसानदायक भी हो सकते हैं।
खूबसूरत और घने बाल पाने के लिए हम क्या-कुछ नहीं करते हैं। इसके लिए हम आए दिन सैलून से कई तरह के ट्रीटमेंट भी करवाते हैं। बालों की देखभाल करने के लिए बाजार में मिलने वाले प्रोडक्ट्स की जगह नेचुरल चीजों का इस्तेमाल करना चाहिए। बता दें कि इसके लिए आप घर पर हेयर मास्क भी बना सकती हैं। हेयर मास्क आपके बालों की देक्भाल करने में मदद करेगा।
यह नेचुरल चीजें बालों को बिना नुकसान पहुंचाए हेल्दी बनाने में मदद करेगा। यह हेयर पैक आपके बालों को डैमेज होने से बचाने में मदद करेगा और मजबूत बनाएगा। यह बालों को स्मूथ और शाइनी बनाने में मदद करेगा। तो आइये बालों की सैलून स्टाइल ट्रीटमेंट करने के लिए जानते हैं कैसे बनाएं हेयर मास्क।
डैमेज बालों की देखभाल कैसे करें?

डैमेज बालों की देखभाल करने के लिए एक अंडे को तोड़ कर बाउल में डालें। इसमें आप एक चम्मच कैस्टर ऑयल और एक नींबू का रस मिला लें। साथ ही इसमें एक चम्मच ग्लिसरीन और इन सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इस हेयर मास्क को बालों की स्कैल्प से लेकर लेंथ तक में लगा लें। इसके बाद करीब 1 घंटे के बाद बालों को धो लें।

इसके लिए रात में मेथी के दाने को भिगो लें। भिगोने के बाद इसे सुबह के समय मिक्स करके बाउल में डालें। इस हेयर मास्क को ब्रश की मदद से बालों में लगा लें।

## पहनें खास डिजाइन वाली पायल, पैर लगेंगे खूबसूरत

मौका फेस्टिवल सेलिब्रेशन का हो या फिर घरेलु शादी का, आपको चाहिए कुछ खास लुक। इसके लिए जरूरी है कि आप अपने लिए कुछ अच्छी डिजाइन की पायल खरीदें ताकि पूरे लुक के साथ आपके आपके पैर भी सुंदर नजर आए। ऐसे में आपको कुछ ट्रेंडी डिजाइन के बारे में जानना चाहिए। इनको स्टाइल करके आपके पैर बेहद खूबसूरत नजर आएंगे।

### स्टोन स्टड पायल डिजाइन

अगर आप पायल में सिंपल डिजाइन चूज करना चाहती हैं तो ये ऑप्शन आपके लिए बेस्ट है। इसमें आप स्टोन स्टड वाले पायल डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की पायल एथनिक वियर के साथ काफी सुंदर लगती हैं। ये पायल दिखने में हैवी लगती है लेकिन पहनने में बिल्कुल लाइट होती है। इस तरीके के पायल डिजाइन आप खरीदकर इस रक्षा बंधन पर स्टाइल कर सकती हैं। इसी के साथ अपने पैरों की खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। इस तरीके के डिजाइन आपको मार्केट में 250 से 500 की रेंज में मिल जाएगा।

### फ्लोरल पायल डिजाइन

ऐसा जरूरी नहीं की पायल सिर्फ चेन वाली हो।



आजकल मार्केट में आपको थ्रेड वाली पायल (ट्रेंडी पायल डिजाइन) भी देखने को मिल जाएंगी। इस तरीके के पायल डिजाइन लड़कियों के लिए बेस्ट होते हैं। इन्हें वो किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। इसमें आपको छोटे-छोटे फ्लावर डिजाइन मिलेंगे साथ में छोटे बीड्स। इस तरीके की पायल को आपको चेन लगाकर पहनने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसे बिना चेन के स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके की पायल आपको 200 से 250 की रेंज में मिल जाएगी।

### एविल आई पायल डिजाइन

पायल में आजकल ट्रेंडी डिजाइन देखने को मिलते हैं आप भी इस तरीके के डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। एविल आई पायल डिजाइन (सिंपल लुक के लिए मॉर्डन पायल डिजाइन) देखने में काफी अच्छा लगता है।

कार्नर न्यूज

नई पीढ़ी के बीच चलन है जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का

## जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग आज के दौर की जरूरत, स्टाइलिश और मिनिमल लुक के लिए अपना रहे ज्यादातर युवा

आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक, अच्छी ड्रेसिंग से यही सब तो चाहिए होता है। आप जब भी बाहर निकलते होंगे तो ड्रेसिंग से आपको भी यही चाहिए होता होगा। है न...यही सब कुछ महिलाओं को अपने फैशन स्टाइल से भी चाहिए होता है। लेकिन बात ऐसे फैशन की हो जो न सिर्फ पुरुषों के लिए हो और न ही सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि ये तो ऐसा फैशन हो जो जेंडर न्यूट्रल हो। तो क्या होगा...तो भी आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। पक्की बात है, मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद। जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो चलिए खास टिप्स जान लीजिए-

### सफेद शर्ट सबकी फेवरेट

सफेद शर्ट के साथ जींस आपने कई बार पहनी होगी। लेकिन क्या कभी सोचा है कि ये लुक जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा है। सफेद शर्ट किसी भी बॉटम पर चल जाती है और



अच्छी भी सभी पर लगती है। अगर आपको थोड़ा स्टाइलिश लगना है तो इसके ऊपर के दो चार बटन खोले भी जा सकते हैं।

### जेंडर न्यूट्रल एसेसरीज

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए आप एसेसरीज का सहारा भी ले सकते हैं। ये वो एसेसरीज हैं जो किसी भी जेंडर की ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते है। इन एसेसरीज को पहचान लीजिए- सस्पेंडर, बेसबॉल कैप, स्कार्फ, बेल्ट, जैकेट के लिए पिन, टाई और सनग्लासेस शामिल हैं।

### ब्लेजर हैं बेस्ट

ब्लेजर ऐसा पहनावा हैं जो किसी भी ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते हैं। ये किसी भी लुक को बेहतर करने में मदद भी करते हैं। इसलिए अगर आप जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग कर रहे हैं तो एक अच्छा डार्क कलर का ब्लेजर आप पर बहुत अच्छा लगेगा।

### .डबल स्लीव्स वाला फैशन

कुछ साल पहले तक ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी। इसके साथ कार्गो का ढीला ढाला लुक काफी अच्छा लगता था। ये पूरा लुक भी जेंडर न्यूट्रल लुक है। इसको आप पहनिए और जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग अपनाइए। इसमें कोशिश कीजिए दोनों में से एक टी शर्ट डार्क कलर की तो एक टी शर्ट हलके रंग की हो। नीचे वाली हलके रंग में अच्छी लगेगी।

### ग्राफिक जींस भी तो हैं न

ग्राफिक जींस भी ऐसी होती हैं जो हर जेंडर पर सूट करती हैं। इसको कई बार लोग थोड़ी ढीली पहनते हैं और इसके साथ स्किनी जींस से लुक पूरा करते हैं। लेकिन ये टी शर्ट स्ट्रेट जींस के साथ भी बेहतरीन लगती हैं।

